नई दिल्ली, शुक्रवार 14 मार्च 2025 ■ फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा ■ वर्ष : 28, अंक : 334 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 35, न्यून.22 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**होली पर्व की शुभकामनाएं**

होली के अवसर पर सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंसियों और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

**अवकाश**

*इस अवसर पर 14 मार्च शुक्रवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। 16 मार्च रविवार को आपका यह प्रिय अखबार आपके हाथों में होगा।*

*प्रधान संपादक*

## नंदी हॉल में बैठाने के 9 हजार मांगे, केस दर्ज

**उज्जैन।** महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती की अनुमति और नंदी हॉल में बैठाने के नाम पर दो श्रद्धालुओं से 9 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित मुंबई के मरीन ड्राइव इलाके के निवासी हैं। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया हैं।



बता दें इससे पहले भी महाकाल मंदिर में वसूली के रैकेट मामले में 14 लोगों पर एफआईआर हो चुकी हैं। मुंबई के चर्चगेट इलाके में रहने वाले मिलिंद विपुल दोषी 9 मार्च को अपने दोस्त के साथ उज्जैन दर्शन करने आए थे। वे भस्म आरती में शामिल होना चाहते थे। तभी उनकी मुलाकात जीतू बैरागी और चंदन बैरागी से हुई।

### केंद्र सरकार और तमिलनाडु में भाषा विवाद और गहराया

# सीएम स्टालिन ने राज्य बजट से रुपए का प्रतीक चिन्ह ही हटा दिया, 'रु' तमिल से ही निकला

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में भाषा विवाद गहराता जा रहा है। अब एमके स्टालिन सरकार ने राज्य सरकार के बजट 2025-26 से रुपए का प्रतीक चिह्न हटा दिया है। इसकी जगह सरकार ने तमिल भाषा का प्रतीक लगाया है। लोगो में तमिल शब्द 'रुबाई' का पहला अक्षर 'रु' लिखा है, जो स्थानीय भाषा में भारतीय मुद्रा को दर्शाता है। लोगो में सबके लिए सब कुछ भी लिखा है।

तमिलनाडु के वित्त मंत्री थंगम थेन्नारसु शुक्रवार को 2025-26 के लिए बजट पेश करेंगे। केंद्र और डीएमके के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार के बीच राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में प्रस्तावित त्रिभाषा फॉर्मूला राजनीतिक विवाद का केंद्र बना हुआ है। तमिलनाडु सरकार ने एनईपी व त्रिभाषा फॉर्मूले को लागू करने से मना कर दिया है। अब केंद्र ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिलने वाली 573 करोड़ की केंद्रीय सहायता रोक दी है। एसएसए फंडिंग के लिए राज्यों को एनईपी के निर्देशों का पालन करना होता है। फंड रोकने से स्टालिन बिफरे हैं। केंद्र के अनुसार शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है और त्रिभाषा लागू करना राज्यों की जिम्मेदारी है।

> तमिलनाडु में भाषा विवाद गहराता जा रहा है। अब एमके स्टालिन सरकार ने राज्य सरकार के बजट 2025-26 से रुपए का प्रतीक चिह्न हटा दिया है। इसकी जगह सरकार ने तमिल भाषा का प्रतीक लगाया है। लोगो में तमिल शब्द 'रुबाई' का पहला अक्षर 'रु' लिखा है, जो स्थानीय भाषा में भारतीय मुद्रा को दर्शाता है।

## भाषा विवाद के चलते तमिलनाडु सरकार ने यह 'विवादित' कदम उठाया

**तमिल शब्द 'रुबाई' से लिया गया लोगो**

*केंद्र ने रोक दी राज्य को मिलने वाली सहायता*



स्टालिन ने सियासी गलती की

### तमिलनाडु के ही व्यक्ति ने दिया है रुपए सिंबल

अब बड़ा सवाल उठा रहा है आखिर में स्टालिन सरकार ने जो नया सिंबल जारी किया, वह कहां से आया। बता दें कि रुपए चिन्ह को बदलने के स्थान पर तमिल अक्षर लगाया गया है। 'रु' को तमिलनाडु के ही शख्स ने तैयार किया था। वहीं 'रु' सिंबल को डिजाइन करने वाले व्यक्ति के पिता भी डीएमके के पूर्व विधायक रह चुके हैं। रुपए का सिंबल आईआईटी मुंबई के छात्र रहे उदय कुमार ने बनाया था और उनका जन्म तिरुवन्नामलई के पास हुआ था। उदय कुमार के पिता धर्मलिंगम डीएमके के पूर्व विधायक रह चुके हैं। अब इसको लेकर भाजपा ने स्टालिन सरकार पर तंज कसा है।

**उदयनिधि ने भी केंद्र पर बोला हमला**

उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि केंद्र तमिलनाडु और पेरियार का अपमान करती है। क्या हम असभ्य हैं? जो लोग हमें असभ्य कहते हैं, वास्तव में वे असभ्य तरीके से व्यवहार कर रहे हैं और हमारे खिलाफ टिप्पणी कर रहे हैं। तमिल लोग बहुत जल्द इसका करारा जवाब देंगे।

**भाजपा ने जताया फैसले पर विरोध**

### तमिलों का अपमान कर रहे स्टालिन

भाजपा आईटी सेल हेड अमित मालवीय ने इसे तमिलनाडु का अपमान बताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि उदय कुमार धर्मलिंगम एक भारतीय शिक्षाविद और डिजाइनर हैं, जो डीएमके के एक पूर्व विधायक के बेटे हैं। उन्होंने भारतीय रुपए का चिह्न डिजाइन किया था, जिसे भारत ने स्वीकार किया था। यह पूरी तरह से गलत है। मुख्यमंत्री स्टालिन तमिलनाडु बजट 2025-26 दस्तावेज से चिह्न हटाकर तमिलों का अपमान कर रहे हैं। कोई कितना हास्यास्पद हो सकता है?



### स्टालिन पहले बदल लें अपना नाम: सुंदरराजन

भाजपा ने तमिलिसाई सुंदरराजन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को अपना नाम बदलकर तमिल नाम रखना चाहिए। अपनी सरकार की सभी विफलताओं को छिपाने के लिए यह नाटक जारी है।



**अन्नामलाई ने साधा निशाना**

### कितने मूर्ख हो सकते हैं स्टालिन

इसे लेकर अब भाजपा ने तमिलनाडु सरकार पर निशाना साधा। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई ने बजट में रुपया का चिह्न हटाने को लेकर डीएमके के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की आलोचना की और इस कदम को मूर्खतापूर्ण बताया। एक तमिल व्यक्ति ने डिजाइन किया था। आप कितने मूर्ख हो सकते हैं एमके स्टालिन।



**64 साल बाद एक साथ पड़े होली-रमजान**

# दिल्ली, यूपी, छत्तीसगढ़ और हैदराबाद तक बदला नमाज का वक्त, मप्र में नहीं बदला

## अयोध्या में तिरपाल से ढकी गई घंटाघर की मस्जिद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/भोपाल

64 साल बाद 14 मार्च को होली का त्योहार और जुमे की नमाज एकसाथ पड़ रही हैं। होली और जुमे की नमाज को देखते हुए देशभर में पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

वहीं, उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, के साथ-साथ आंध्र प्रदेश में पुलिस-प्रशासन द्वारा खास व्यवस्था की गई है। होली और जुमे की नमाज को देखते हुए इन राज्यों में मस्जिदों तिरपाल और पन्नी से ढका दिया गया है। ताकि, होली खेलने के दौरान मस्जिदों पर रंग-गुलाल न पड़े और अमन-चैन कायम रहे। इतना ही नहीं, होली के मद्देनजर संवेदनशील जिलों में जुमे की नमाज का समय भी बदल गया है। साथ ही, भारी पुलिस फोर्स भी तैनात की गई है।

उत्तर प्रदेश के लखनऊ, बरेली, शाहजहांपुर, संभल, मुरादाबाद, रामपुर, अलीगढ़, झांसी, अयोध्या और सहारनपुर आदि जिलों में जुमे की नमाज का वक्त बदला गया है। जुमे की नमाज 2 बजे तो कहीं 2.30 बजे और कहीं तीन बजे होगी। मध्यप्रदेश में जुमे की नमाज के समय में बदलाव नहीं किया है। भोपाल शहरकाजी सैय्यद मुश्ताक अली नदवी का कहना है कि शहर की मस्जिदों में अलग-अलग समय पर नमाज अदा की जाती है। ऐसे में नमाज के समय में बदलाव करने की जरूरत नहीं है। यही कारण है कि समय में बदलाव नहीं किया।



### एलपीजी सिलेंडर में रिसाव होने के कारण लगी आग

# कनॉट प्लेस के रेस्तरां में आग लगने से छह लोग झुलसे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित बिक्गाने बिरयानी रेस्तरां में बृहस्पतिवार को आग लग गई, जिससे छह लोग गंभीर रूप से झुलस गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि डीएफएस ने पूर्वाह्न 11 बजकर 55 मिनट पर सूचना मिलने के बाद छह दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा। उन्होंने बताया कि फिलहाल आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। उन्होंने बताया कि रेस्तरां के रसोईघर में एलपीजी सिलेंडर में रिसाव होने के कारण आग लग गई और झुलसे लोगों को इलाज के लिए राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारी ने बताया कि महेंद्र (25) लगभग 81 प्रतिशत तक झुलस गया, जबकि दीपक (39) और पीयूष (31) दोनों 70 प्रतिशत झुलस गए हैं। उन्होंने बताया कि इनके अलावा मोहम्मद आलम (21), सैरुद्दिन (28) और जनक (26) लगभग 30 प्रतिशत झुलसे हैं। शुरुआत में मिली सूचना के अनुसार, रसोई में एलपीजी रिसाव के कारण आग लगी, जो तेजी से फैल गई।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार इस बात का आकलन किया जा रहा है कि क्या रेस्तरां में सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था और क्या लापरवाही के कारण यह घटना हुई है।

# दिल्ली पुलिस ने होली और रमजान के जुमे की नमाज से पहले राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ाई चौकसी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने होली और रमजान के जुमे की नमाज से पहले राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा बढ़ा दी है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के लिए अर्धसैनिक बलों के साथ 25,000 से अधिक पुलिस कर्मी शहर में कड़ी निगरानी रखेंगे। चौदह मार्च को होली का त्योहार है और इसी दिन रमजान महीने के जुमे (शुक्रवार) की नमाज भी होगी।

पुलिस ने 300 से अधिक संवेदनशील स्थानों की पहचान की है तथा ड्रोन तथा सीसीटीवी कैमरे की मदद से हर स्थिति पर नजर रख रही है। पुलिस के अनुसार शहर के हर जिले में नियमित रूप से अमन समितियों के साथ बैठकें की जा रही हैं। राष्ट्रीय राजधानी के सभी 15 पुलिस जिलों को खास तौर पर रिहायशी इलाकों और होली के लिए प्रसिद्ध जगहों पर गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। पूर्वोत्तर जिले में तैनात एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए पूर्वोत्तर जिले में ड्रोन से निगरानी की जा रही है। निरंतर निगरानी के साथ सुरक्षा उपायों को मजबूत किया जा रहा है, जबकि उन्नत ड्रोन तकनीक के माध्यम से संभावित खतरों को कम किया जा रहा है। एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि त्योहार के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए पूरे जिले में गश्त की जा रही है तथा बाजार कल्याण संघों (एमडब्ल्यूए) और 'रेसीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के साथ बैठकें की जा रही हैं। अधिकारी ने कहा कि हम हर जिले में अमन समितियों के साथ बैठकें कर रहे हैं क्योंकि होली और रमजान के जुमे की नमाज एक ही दिन पड़ रही है। दोनों पक्ष बहुत सहयोगपरक हैं और लगातार हमारे संपर्क में हैं। इस बीच, दिल्ली यातायात पुलिस स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त नाकेबंदी करेगी। शराब पीकर गाड़ी चलाने और लालबत्ती पार करने वालों पर लगाम लगाने के लिए प्रमुख चौराहों पर विशेष टीम तैनात की जाएंगी।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **भूपेन्द्र पुत्र श्री मदन लाल निवासी ई–57/बी–283, झुग्गी सुंदर नगरी, नंद नगरी, दिल्ली** ने **FIR No. 57/2021, U/S 392/411 IPC, अन्तर्गत थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **भूपेन्द्र**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **भूपेन्द्र**, फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 57/2021, U/S 392/411 IPC, अन्तर्गत थाना नंद नगरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **भूपेन्द्र**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 19, प्रथम तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, नई दिल्ली

DP/3144/NE/2025 (Court Matter)



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **दीप माला, पत्नीः दीपक, निवासीः पी-2/380, सुल्तानपुरी, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.856/2020 U/S 33 D Delhi Excise Act** के तहत एक मामला **थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **दीप माला** नहीं मिली या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **दीप माला** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.856/2020 U/S 33 D Delhi Excise Act, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** अभियुक्त **दीप माला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रीतिका जैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05
कक्ष संख्या 105, उत्तर–पश्चिम जिला
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/3154/OD/2025
(अदालती मामला)


# ब्रिटिश महिला से बलात्कार मामले में दो गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के महिपालपुर इलाके में एक होटल में ब्रिटिश महिला से कथित तौर पर छेड़छाड़ और बलात्कार करने का मामला सामने आया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। घटना मंगलवार को हुई। पुलिस ने इस संबंध में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है तथा घटना के बारे में ब्रिटिश उच्चायुक्त को सूचित कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि ब्रिटिश नागरिक की दोस्ती सोशल मीडिया मंच पर एक आरोपी से हुई थी। महिला पूर्वी दिल्ली में रहने वाले 24 वर्षीय व्यक्ति से कथित तौर पर मिलने के लिए गोवा से दिल्ली आई थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि होटल की लिफ्ट में एक सफाईकर्मी ने पहले महिला से कथित तौर पर छेड़छाड़ की। बाद में होटल के कमरे में उस व्यक्ति ने उससे बलात्कार किया जिससे पूर्व में सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी बातचीत हुई थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला ने डेढ़ महीने पहले सोशल मीडिया मंच पर आरोपी से पहली बार बात की थी और उसके बाद वे अक्सर बात करते रहे। उन्होंने बताया कि जब ब्रिटिश महिला भारत आई तो उसने और आरोपी ने दिल्ली में एक-दूसरे से मिलने की योजना बनाई। पीड़िता गोवा से दिल्ली आई और महिपालपुर के होटल में एक कमरा बुक किया। अधिकारी ने बताया कि महिला ने आरोप लगाया कि जब आरोपी उससे मिलने आया तो आरोपी ने उससे बलात्कार किया।

# एएसआई की ड्यूटी के दौरान सड़क दुर्घटना में मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) की बृहस्पतिवार को एक घटना की जांच के लिए मौके पर जाते समय सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना बुधवार रात को हुई, जब वह एक अन्य सड़क दुर्घटना के बारे में पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) में आए फोन कॉल का जवाब दे रहे थे। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राजा बांठिया ने बताया कि पिछले छह महीनों में एएसआई सत्यवीर सिंह दूसरे 'ऑन-ड्यूटी' पुलिसकर्मी हैं, जिन्हें हमने लापरवाही से वाहन चलाने और वाहन चालकों की लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटनाओं में खो दिया है।'' दुर्घटना के बाद उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया। इस बीच वजीराबाद थाना ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। सिंह 1989 बैच के अधिकारी थे और 2028 में सेवानिवृत्त होने वाले थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा और एक दिव्यांग बेटी है।

# केबल चोरी के कारण मेट्रो की रेड लाइन पर सेवाएं बाधित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की रेड लाइन पर केबल चोरी की घटना के कारण बृहस्पतिवार सुबह ट्रेन सेवाएं प्रभावित रहीं। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। डीएमआरसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, केबल चोरी की एक और घटना के कारण रेड लाइन पर सेवाएं सुबह से ही प्रभावित हैं। इसने कहा कि मरम्मत का काम अब उन घंटों में किया जा रहा है जब यात्री कम होते हैं। डीएमआरसी ने कहा कि अगर इस समयसीमा के भीतर समस्या का समाधान नहीं होता है, तो आज रात यात्री सेवाएं समाप्त होने के बाद मरम्मत का काम शुरू किया जाएगा। पुलिस की मेट्रो इकाई के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि शिकायत प्राप्त हुई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। डीएमआरसी ने कहा कि वह इन बार-बार आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय कर रहा है।


## उत्तर रेलवे

**ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता–III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल अभियंता/III/डीएलआई के तहत नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक वर्ष के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पीजी और एजी साइड, सैलून साइडिंग, प्लांट आदि के सर्कुलेटिंग एरिया में लैंडस्केपिंग और बागवानी कार्य की मरम्मत और रखरखाव। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु.1,49,96,160.00 (रुपये एक करोड़ उनचास लाख छियानवे हजार एक सौ साठ मात्र) |
| बयाना राशि (रुपये) | रु.2,25,000/– (रुपये दो लाख पच्चीस हजार मात्र) |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु.0.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 04.04.2025 को 15:00 तक। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| आवंटन | 04–410–32 |

- ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।
- निविदा संख्या : 128–डब्लू/280/ई–निविदा सूचना/51–2024–25/डब्यू–3 दिनांक : 13.03.2025

801/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# बुजुर्ग मां ने बेटे को किडनी देकर बचाई जान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



गुर्दे की गंभीर बीमारी से जूझ रहे 59 साल के व्यक्ति को बचाने की लिए उसकी 80 वर्षीय मां ने अपना गुर्दा देकर उसे नया जीवन दिया है। उत्तर-पश्चिम दिल्ली में रोहिणी निवासी व्यवसायी राजेश ने अपनी मां दर्शना जैन के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि मेरी मां ने मुझे दूसरा जन्म दिया। राजेश ने बताया कि दो साल पहले जब उन्हें गुर्दे की बीमारी का पता चला तो उनकी मां और बेटा दोनों गुर्दा दान करने के लिए आगे आए। चिकित्सा परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने पाया कि उनकी मां का गुर्दा प्रतिरोपण के लिये उपयुक्त है।

राजेश ने बताया कि उस समय मैं झिझक रहा था। मेरी मां बुजुर्ग हैं और मुझे उनका गुर्दा लेने में चिंता हो रही थी, क्योंकि मुझे लग रहा था कि समाज क्या कहेगा? इसलिए, मैंने प्रतिरोपण न करवाने का फैसला किया। हालांकि, समय बीतने के साथ उनकी हालत खराब होती गई और वे कमजोर होते गए, तब राजेश के परिवार के सदस्यों ने उन्हें निर्णय पर पुनर्विचार करने के लिए राजी किया और अंततः वे प्रतिरोपण के लिए सहमत हो गए।

राजेश की मां दर्शना जैन को ऑपरेशन के चौथे दिन छुट्टी दे दी गई। राजेश को ऑपरेशन के छठे दिन छुट्टी दी गई। राजेश ने बताया कि उनकी मां अब पूरी तरह स्वस्थ हैं और उनकी हालत में सुधार है, जबकि उन्हें पूरी तरह स्वस्थ होने के लिए डॉक्टर की सलाह पर तीन महीने तक आराम करना होगा।

# विश्व किडनी दिवस पर लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- **खाने में नमक का इस्तेमाल कम से कम करें**

विश्व किडनी दिवस के अवसर पर वर्द्धमान महावीर मैडिकल कॉलेज सफदरजंग अस्पताल के नेफ्रोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ हिमांशु वर्मा ने किडनी मरीजों को जागरूक करते हुए विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। डाक्टर वर्मा ने बताया कि मौसम के बदलाव के समय किडनी मरीजों को खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा, कि किडनी मरीज खाने में नमक का इस्तेमाल कम से कम करे, तेज नमक और मसालों से निर्मित अचार, पापड़, नमकीन, कोल्डड्रिंक, डब्बा बंद चीजें जैसे सोस, जैम, जैली सहित किसी भी तरह का जूस ना ले।

डॉक्टर वर्मा ने कहा कि शरीर में सूजन आने पर पानी और पानी की चीजें चाय, काफी, दूध, तरबूज, खरबूजा, खीरा, नारियल पानी आदि ना लें। अमरुद बीज निकालकर, सेब, पपीता पूरे दिन में 100-150 ग्राम के बीच एक दिन में ले सकते हैं, हरी पत्तेदार सब्जियां पानी में उबालकर उसके बाद पानी फेंक कर फिर बनाए, टमाटर और नींबू इस्तेमाल ना करें। एक दिन में 300 से 400 एमएल दूध मलाई उतार कर ले। उन्होंने कहा, किडनी मरीज प्रतिदिन एक कटोरी दाल ले सकते हैं, फिर उस दिन मीट का सेवन ना करें। बकरा, भैंसें के मीट का इस्तेमाल ना करें, अंडे की सफेदी, मछली, मुर्गा ले सकते हैं,साथ ही काजू, मुनक्का, बादाम, खजूर, छुआरा आदि का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि इसमें पोटेशियम की मात्रा अधिक होती है। डाक्टर हिमांशु वर्मा ने कहा कि जान है तो जहान है, इसलिए विश्व किडनी मरीज और उनके तीमारदार संकल्प लें, कि इन परहेजों के माध्यम से ही हम अपने किडनी मरीज रुपी पारिवारिक सदस्य को बचा सकते हैं।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2023–24 में यार्ड विस्तार के साथ-साथ एक अदद अतिरिक्त 20/25 एमवीए 132/33 केवी पावर ट्रांसफॉर्मर के प्रावधान द्वारा 132 केवी सब-स्टेशन एचवीपीएनएल हालुवास (भिवानी) का संवर्धन। | 07.03.2025 18.03.2025 | 15.27 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | 400 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल नुहियांवाली में अतिरिक्त 100 एमवीए 220/132 केवी ट्रांसफॉर्मर का प्रावधान – टी/एफ और इसके सम्बद्ध उपकरण तथा डीहाईड्रेशन चार्जेज की स्थापना (सिरसा)। | 07.03.2025 25.03.2025 | 28.69 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 3 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2024–25 के अंतिम अर्ध वर्ष में एचवीपीएनएल द्वारा 132 केवी शाहपुर बेगु-रानियां एस/सी लाइन के एलआईएलओ को एकोमॉडेट करने के लिए 132 केवी सब स्टेशन मेला ग्राउंड में सम्बद्ध उपकरणों सहित 1 अदद 132 केवी बे की रचना (हिसार)। | 10.03.2025 20.03.2025 | 7.99 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 4 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2024–25 के प्रथम अर्ध वर्ष में एचवीपीएनएल द्वारा 132 केवी सब स्टेशन मिठी सुरेरा में 33 केवी सब स्टेशन किशनपुरा की फीडिंग हेतु 33 केवी बे की रचना (हिसार) | 10.03.2025 20.03.2025 | 3.67 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 5 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2024–25 के प्रथम अर्ध वर्ष में एचवीपीएनएल द्वारा 33 केवी मंगालिया की स्वतंत्र फीडिंग हेतु 132 केवी सब स्टेशन ढुंढियांवाली में 33 केवी बे की रचना (हिसार)। | 10.03.2025 20.03.2025 | 6.47 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 6 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन जीन्द न्यू में 1 अदद 16/20 एमवीए 132/11 केवी हॉट पावर टी/एफ के प्रावधान द्वारा संवर्धन (हॉट टी/एफ की बजाए स्टैंडबाये के तौर पर टी/एफ बनाने के लिए 132 केवी उपकरण फाउंडेशन का निर्माण) (हिसार)। | 07.03.2025 20.03.2025 | 6.76 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/120/32802/I/88/7 दि. 13.03.25



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में राजकीय चिकितसा महाविद्यालय खानपुर कलां में पीएम–एबीएचआईएम के तहत 50 बिस्तर वाले क्रिटकल केयर हॉस्पीटल ब्लॉक (सीसीएचबी) का निर्माण। | 10.03.2025 01.04.2025 | 1121.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में राई निर्वाचन क्षेत्र में बहालगढ़ से गढ़ अस्सदपुर यमुना घाट वाया दीपालपुर, मुकिमपुर, नंदनौर रोड आरडी 0 से 11850 एमटीआर (आईडी 6022, 11646, 6030) रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण। | 10.03.2025 24.03.2025 | 927.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में भुना में राजकीय महाविद्यालय में ऑडिटोरियम हॉल के लिए पीवीसी रिजिड फोम शीट और छात्र साइकिल पार्किंग स्टैंड और मौजूदा चारदिवारी पर फेंसिंग का प्रावधान व फिक्सिंग + 1 कार्य। | 06.03.2025 17.03.2025 | 21.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 4 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह में हॉस्पिटल इंडोर मरीजों के लिए किचन और डाइट्री सेवाओं के प्रावधान हेतु। | 17.03.2025 01.04.2025 | 4.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 5 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खां मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में एक ट्रैक्टर ट्रॉली सहित चालक, इंधन और रखरखाव सहित किराये पर लेना। | 17.03.2025 31.03.2025 | 10,000/- | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 6 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह, हरियाणा में लाँड्री सेवाओं हेतु। | 17.03.2025 03.04.2025 | 1.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 7 | सिविल सर्जन, चरखी दादरी | वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु डीएच एंड एफडब्ल्यूएस सोसाइटी चरखी दादरी के लिए समवर्ती अंकेक्षक की नियुक्ति के लिए निविदा सूचना का प्रकाशन। | 13.03.2025 26.03.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 7419951260 damcharkhidadri@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | महेन्द्रगढ़ जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल नारनौल में नारनौल ब्रांच के पम्प हाउसेज एनबी-4 पर 02 अदद 50 सीएस. वीटी एक्सियल फ्लो पम्प्स (पी-4 और पी-6) मेक डब्ल्यूपीआईएल की विशेष मरम्मत पुनः ई-निविदा और महेन्द्रगढ़ जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, नारनौल में नारनौल ब्रांच के पम्प हाउसेज एनबी-5 पर 01 अदद 50 सीएस. वीटी एक्सियल फ्लो पम्प्स (पी-5) मेक फ्लोमोर की मरम्मत। | बंद होने की तिथि 24.03.2025 | 6.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01252-251353 xen-wsmnrl.irr@gov.in |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | जेएलएन फीडर के आरडी 317000 पर जेएफ–I पम्प हाउस पर सम्प की गाद सफाई। | बंद होने की तिथि 20.03.2025 | 11.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 10 | महाप्रबंधक, हरियाणा रोडवेज, करनाल | होर्डिंग बोर्ड विज्ञापन बस स्टैंड्स। | 14.03.2025 02.04.2025 | 110 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842254290 gmhrknl@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज नारनौल | कांवी ब्लॉक नारनौल – बाबूलाल पुत्र रामजीवन के मकान से खानपुर कक्काड तक आईपीबी रास्ता और एलईई जोहड़ तक खराब जल नाला का निर्माण + 2 कार्य। | 12.03.2025 19.03.2025 | 156.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8529595662 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज पंचकूला | विदेशी सहकारिता विभाग, चण्डीगढ़ में निदेशक के कार्यालय का पुनरोद्धार। | 12.01.2025 18.01.2025 | 9.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2025/240/32844/I/88/7 दि. 13.03.25


# दिल्ली में आग से संबंधित मौत के मामलों में 2024 की तुलना में 67 प्रतिशत की आई कमी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में आग लगने की घटनाओं में मौत होने के मामलों में 2025 के शुरुआती तीन महीनों में 2024 की इसी अवधि की तुलना में 67.57 फीसदी गिरावट आई है। आंकड़ों के मुताबिक, एक जनवरी से 11 मार्च तक आग लगने की घटनाओं में कुल 12 लोगों की जान गई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 37 लोगों की मौत हुई थी। मृतक संख्या में गिरावट के बावजूद, दुखद घटनाएं सामने आती रही हैं। मंगलवार को पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार में एजीसीआर एन्क्लेव के पास एक अस्थायी तंबू में भीषण आग लगने से दो भाइयों समेत तीन लोगों की जलने से मौत हो गई। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2024 में दिल्ली अग्निशमन सेवा को आग से संबंधित 1,204 कॉल आई, जिनमें 15 मौत हुईं। पिछल साल फरवरी में 992 कॉल आईं और इन घटनाओं में 16 लोगों की जान चली गई तथा 11 मार्च तक आग लगने की घटनाओं में छह लोगों की मौत हुई। हालांकि, इस वर्ष आग की घटनाओं और हताहतों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस साल 11 मार्च तक आग से जुड़े फोन कॉल आने और ऐसी घटनाओं लोगों की मौत के आंकड़े में भारी गिरावट आई है। जनवरी में हमारे विभाग को 938 कॉल आईं, और इन घटनाओं में छह लोगों की जान चली गई। फरवरी में 1076 कॉल आईं और आग लगने की घटनाओं में दो लोगों की मृत्यु हुई। 11 मार्च तक, हमें 455 कॉल आईं और इन घटनाओं में चार लोगों की मौत हुई। आंकड़ों के अनुसार, 2024 में विभिन्न आग संबंधी घटनाओं में कुल 116 लोगों की जान गई।

### शाह ऑडोटोरियम में होली मंगल मिलन आयोजित

# व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराना हमारी पहली प्राथमिकता : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




आप सबकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराना मेरी सरकार की पहली प्राथमिकता होगी क्योंकि व्यापारी दिल्ली की रीढ़ की हड्डी है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के शाह ऑडोटोरियम में आयोजित होली मंगल मिलन 2025 समारोह का भव्य आयोजन के दौरान व्यापरियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री ने यहां तक कहा कि आप समस्या हमें लिख कर बताए, समाधान करवाऊंगी। बता दें कि इस अवसर पर जहां पेपर मर्चेंट्स द्वारा मुख्यमंत्री को अपनी अलग अलग समस्याओं से अवगत कराया वही मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से भी सभी पेपर मर्चेंट्स की समस्याओं को हल कराने का आश्वासन दिया। बता दें कि पेपर मर्चेंट्स एसोसिएशन दिल्ली ने यह आयोजन किया था। इसमें दिल्ली की नव निर्वाचित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। इस अवसर पर निगम पार्षद राजू सचदेवा की भी गरिमामय उपस्थिति रही। समारोह में पेपर मर्चेंट्स एसोसिएशन के प्रधान दीपक कुमार जैन, आदि पदाधिकारियों, सभी पेपर व्यापारियों ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को होली की शुभकामनाएं दी और इसके साथ साथ उनका भव्य अभिनंदन किया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी हुआ आयोजन**

इस होली मंगल मिलन 2025 के मौके पर पेपर मर्चेंट्स द्वारा खेल कूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी भव्य आयोजन किया गया। समारोह का समापन प्रीतिभोज के साथ हुआ। इस अवसर पर पेपर व्यापार जगत के प्रतिष्ठित लोगों को सम्मानित भी किया गया। होली मिलन समारोह में पूर्व प्रधान एफपीटीए दलीप बिंदल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के व्यापारिक परिवार में से रेखा गुप्ता को दिल्ली के मुख्यमंत्री की कमान सौंप कर व्यापारी वर्ग का मान बढ़ाया है ।

# होली आ गई, फ्री सिलेंडर कब आएगा? : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को आईटीओ पर ह्यूमन बैनर के जरिए भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को होली पर दिल्ली की महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर देने के वादे को याद दिलाया। आप के वरिष्ठ नेता और कोंडली से विधायक कुलदीप कुमार के साथ कार्यकर्ताओं ने 'होली आ गई, फ्री सिलेंडर कब आएगा' लिखा बैनर लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फ्री का सिलेंडर कब आएगा, मोदी जी की गारंटी जुमला है' समेत तमाम नारे लगाकर भाजपा से फ्री सिलेंडर देने के चुनावी वादे को पूरा करने की मांग की। वहीं, दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता विपक्ष आतिशी ने एक्स पर एक पोस्ट कर भाजपा से पूछा कि दिल्ली के लोग पूछ रहे हैं, होली आ गई, फ्री सिलिंडर कब आएगा? आप नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक जुमला पार्टी है। मोदी की गारंटी जुमला है। दिल्ली की महिलाओं को न मुफ्त सिलेंडर मिला और ना ही 2500 रुपए उनके खाते में आए। आम आदमी पार्टी मुफ्त सिलेंडर देकर भाजपा को अपना वादा पूरा करने की मांग करती है। चुनाव के दौरान मोदी ने दिल्ली की महिलाओं से कहा था कि होली पर फ्री सिलेंडर मिलेगा।

**मोदी जी की गारंटी जुमला निकली : कुलदीप**

आईटीओ पर प्रदर्शन के दौरान "आप" विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा और भाजपा ने दिल्लीवालों को गारंटी दी थी कि होली पर दिल्ली की महिलाओं को मुक्त सिलेंडर मिलेगा। आज छोटी होली है। होली आ गई, लेकिन सिलेंडर नहीं आया। दिल्ली की मेरी माताएं- बहाने मुफ्त सिलेंडर मिलने का इंतजार कर रही हैं, लेकिन मोदी जी की गारंटी जुमला निकली। कुलदीप कुमार ने कहा कि भाजपा और पीएम मोदी ने दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपए देने का भी वादा किया था, वह भी जुमला निकला। अब फ्री सिलेंडर देने का वादा भी झूठा निकल गया।

**संकल्प पत्र के वादे का पूरा करेंगे : सचदेवा**

भाजपा ने संकल्प पत्र में जो लिखा था वो हमारी प्रतिबद्धता है और हम उसे पूरा करेंगे लेकिन हर काम को नियमानुसार करने के लिए कुछ प्रशासनिक अनुमति की जरूरत होती है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गुरूवार को आप नेताओं के सिलेंडर मामले में यह प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आप पर निशाना साधते हुए कहा कि बजट का प्रावधान करना पड़ता है। वो सिर्फ टकराव की राजनीति करना चाहते हैं।

# मुख्यमंत्री गुप्ता ने आशा किरण आश्रय गृह में मनाई होली



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को आशा किरण आश्रय गृह में बच्चों के साथ होली मनाई और कहा कि सरकार बच्चों के अभिभावक के रूप में उनकी उचित देखभाल सुनिश्चित करेगी। दिल्ली सरकार में समाज कल्याण मंत्री रवींदर इंद्राज सिंह के साथ मुख्यमंत्री गुप्ता ने बच्चों को मिठाइयां और चॉकलेट बांटी। उन्होंने कहा कि मैंने अधिकारियों को आश्रय गृह की सभी कमियों को दूर करने और यहां सुविधाओं में सुधार करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोहिणी स्थित आश्रय गृह में उसकी निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चे रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस आश्रय गृह का संचालन करने वाले समाज कल्याण विभाग को इस समस्या के समाधान के लिए व्यवस्था करने का निर्देश दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने समाज कल्याण मंत्री से आश्रय गृह परिसर में स्थित पार्क को बेहतर उपकरणों से उन्नत करने को कहा है। गुप्ता ने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से इस आश्रय गृह की देखरेख करूंगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि बच्चों को उचित देखभाल मिले और सरकार निकट भविष्य में यहां औचक निरीक्षण करेगी। उन्होंने कहा कि वह स्थितियों पर नजर रखने के लिए अधिक बार आश्रय गृह का दौरा करने की योजना बना रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आशा किरण में जाकर इन बच्चों से बातचीत करना एक बहुत ही मार्मिक अनुभव था। मुझे यह देखकर खुशी हुई कि वे शांतिपूर्ण माहौल में रह रहे हैं। सरकार उनकी अभिभावक है और उनकी जरूरतों का विशेष ध्यान रखना हमारा कर्तव्य है। एक बयान के अनुसार, गुप्ता ने आश्रय गृह की रसोई और बच्चों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद संबंधित विभागों को आश्रय गृह में सफाई, सफेदी, नवीनीकरण और बुनियादी ढांचे में सुधार करने के निर्देश दिए गए।

**पूर्व महापौर ने मुख्यमंत्री के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की पूर्व महापौर डॉ. शेली ओबेरॉय ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के खिलाफ राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) में एक शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपने शिकायती पत्र में कहा है कि सीएम द्वारा आशा किरण शेल्टर होम के दौरे के दौरान किशोर न्याय अधिनियम का उल्लंघन किया गया। सीएम ने अपने दौरे के दौरान होम में रह रहे देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले कमजोर बच्चों की पहचान को सार्वजनिक रूप से उजागर किया। उनके इस कार्य से प्रभावित बच्चों पर धब्बा लगता है और उनके पुनर्वास पर असर पड़ता है।

**होली का त्यौहार सदभावनाओं का प्रतीक : यादव**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने रंगों और खुशियों के त्यौहार होली की सभी दिल्लीवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। प्रदेश कार्यालय, राजीव भवन में होली के अवसर पर मौजूद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली का त्यौहार मनाया।यहां यादव ने कहा कि होली का त्यौहार सभी धर्म हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख ईसाई के लोग मिलकर सद्भावना पूर्ण तरीके से मनाते हैं। भारत वर्ष में हर त्यौहार किसी न किसी उद्देश्य के साथ ऐतिहासिक परम्पराओं और भारतीय संस्कृति को संजोए रखने के लिए मनाया जाता है। होली के त्यौहार को बिना भेदभाव, धर्म, वर्ग विशेष को नजरअदांज करके मनाना ही सदभावना का प्रतीक है।

**होली के दिन समाज से जात पात का वैमनस्य करना है खत्मः सचदेवा**

**नई दिल्ली।** होली के इस शुभ दिन हमें भाईचारे के संदेश को सार्थक करना है और इसी उद्धेश्य से हमें होली के दिन समाज से जात पात का वैमनस्य खत्म करना है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने गुरुवार को सभी दिल्लीवासियों को रंगोत्सव होली की हार्दिक शुभकामनाऐं देते हुए उक्त बात कही। उन्होंने कहा है कि होली सौहार्द एवं भाईचारे का पर्व है और हमें इसको परम्परागत हर्षोल्लास के साथ मनाना है। सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली में 27 वर्ष बाद ऐसा रंगोत्सव आया है जब हम कह सकते हैं कि आज दिल्ली में सनातनी सरकार है।

## दिल्ली सरकार पानी कनेक्शन के लिए शुल्क घटाएगी, टैंकरों में जीपीएस लगाएगीः प्रवेश वर्मा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार जल्द ही पानी कनेक्शन के लिए शुल्क घटाएगी और राष्ट्रीय राजधानी में जलापूर्ति में सुधार के लिए दिल्ली जल बोर्ड के भूमिगत जल भंडारण (यूजीआर) से निकाले जाने वाले पानी की निगरानी करने के अलावा सभी टैंकरों में ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) लगाएगी। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और बाढ़ एवं सिंचाई विभाग का भी प्रभार संभाल रहे वर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में कहा पीडब्ल्यूडी शिकायत दर्ज कराने के लिए जल्द ही चार अंकों का हेल्पलाइन नंबर जारी करेगी। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली जल बोर्ड में कई सुधार करेंगे जो अतीत में कुप्रबंधन का शिकार रहा है। वर्तमान में, बोर्ड का जल प्रबंधन सही नहीं है, लेकिन हम विभिन्न पहल के माध्यम से इसे वापस पटरी पर लाएंगे। पानी के कनेक्शन की दरें वर्तमान में इतनी अधिक हैं कि लोग वैध कनेक्शन लेने से हिचकिचाते हैं। इसे कम करने से लोग वैध कनेक्शन लेने के लिए आगे आएंगे।



**खबर संक्षेप**

## देसी कट्टे सहित आरोपी को पकड़ा,पूछताछ की



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेन्ट्रल की टीम ने आरोपी ओम फंगा उर्फ अन्नू को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा सेन्ट्रल की टीम ने ओम फंगा उर्फ अन्नू निवासी गांव भांखरी सैनिक कॉलोनी को तिगांव एरिया से काबू किया है, जिससे देसी कट्टा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना तिगांव में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। ओम फंगा उर्फ अन्नू से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी 5000 रूपए में देसी कट्टे को किसी व्यक्ति से खरीद कर लाया था।

## पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा



**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी अग्रसेन की टीम ने दुष्कर्म के मामले में आरोपी दीपक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की मां गुलशन देवी को भी सहयोग करने पर किया गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस चौकी अग्रसेन में नाबालिक लड़की के परिजनों के द्वारा लड़की के घर से बिना बताए निकल जाने की शिकायत दी। जिसमें बताया कि पीड़िता 4 मार्च को घर से दुकान के लिए निकली थी। शिकायत पर थाना शहर बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया।

## 91 प्रेशर हॉर्न वाले वाहनों के काटे गए चालान



**गुरुग्राम।** बुलेट पटाखा बाइक/साइलेंसर नॉन फंक्शनल और प्रेशर हॉर्न वाले वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए गुरुग्राम पुलिस ने विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत गुरुग्राम यातायात पुलिस ने फरवरी माह में 158 वाहनों के चालान काटे। इनमें बुलेट पटाखा बाइक के 67 और प्रेशर हॉर्न वाले वाहनों के 91 चालान शामिल हैं। गुरुग्राम पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर चालकों पर 15.80 लाख रुपए जुर्माना लगाया है। पुलिस उपायुक्त (यातायात) विरेंद्र विज ने कहा कि गुरुग्राम पुलिस का उद्देश्य जिले की सड़कों को सुरक्षित बनाकर होने वाले सड़क हादसों को रोकना है।

# एकॉर्ड अस्पताल में अनोखी होली उत्सव, किडनी रोगियों ने स्टेज पर मचाया धमाल

### होली उत्सव आयोजन में कलाकारों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा में आकर्षक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल में विश्व किडनी दिवस के अवसर पर होली उत्सव का आयोजन किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में कलाकारों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा में आकर्षक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

फागुन के दिन चार रे, होली खेले मना रे जैसे गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया गया जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे नेफ्रोलॉजी विभाग के चेयरमैन डॉ. जितेंद्र कुमार ने कहा कि कार्यक्रम की खास बात यह रही कि किडनी रोगियों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किया। उनके इस जोश और उत्साह ने उपस्थित लोगों को किडनी से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूक किया और यह संदेश दिया कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर इस बीमारी से बचा जा सकता है।

डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि भारत में किडनी संबंधी बीमारियों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और इसके प्रमुख कारण अनियमित खान-पान, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और पर्याप्त पानी न पीना हैं। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर किडनी रोगों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर अस्पताल में किडनी डोनर्स को सम्मानित किया गया, जिन्होंने जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन देने का काम किया। कार्यक्रम में अस्पताल सर्जरी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ.



प्रबल रॉय, आर्थोपेडिक डिपार्टमेंट चेयरमैन डा. युवराज कुमार, न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दिव्या कुमार, डॉ. पुनीता हसीजा, डॉ. सुरेश अरोड़ा, डॉ.सुखविंद्र और आईएलबीएस अस्पताल के वरिष्ठ नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. आर के माथुर ने भी भाग लिया और किडनी रोगों के प्रति जागरूकता फैलाने पर बल दिया। होली महोत्सव में अस्पताल कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। डॉ.पंकज रॉय और डायलिसिस की टीम ने होली के गानों पर रंगारंग डांस की प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राधा-कृष्ण की विशेष झांकी और उनकी मनमोहक नृत्य प्रस्तुति ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन ने जहां होली के रंग बिखेरे, वहीं किडनी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी महत्वपूर्ण कार्य किया।

### 62 जांच नाका लगाकर अपराधियों, असामाजिक तत्वों, हुडंगबाजों पर कसा जाएगा शिकंजा

# होली और धुलेंडी को लेकर पुलिस सतर्क आसामाजिक तत्वों पर रहेगी पूरी निगरानी

### पुलिस करेगी चप्पे-चप्पे पर गश्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

होली व धुलेंडी त्योहार पर गुरुग्राम पुलिस ने सुरक्षा को लेकर विशेष प्रबंध किए हैं। धुलेंडी के दिन लड़ाई-झगड़े होने की ज्यादा संभावनाएं होती हैं। इन वारदातों को रोकने के लिए गुरुग्राम पुलिस की पीसीआर, ईआरवी और पुलिस राइडर्स की टीमें भी तैनात रहेंगी। पुलिस ने जिले में 62 जांच नाका लगाकर अपराधियों, असामाजिक तत्वों और हुडंगबाजों पर शिकंजा कसने की तैयारी की है।

पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के निर्देशानुसार जिले में किसी भी वारदात को रोकने या घटनास्थल तक पहुंचने के लिए तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए 72 पुलिस ईआरवी व 135 पुलिस राइडर्स की टीमें बनाई गई हैं। पुलिस आयुक्त ने सभी जोन के पुलिस उपायुक्तों, सहायक पुलिस आयुक्तों और थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि धुलहंडी पर जिले में लड़ाई-झगड़ों पर रोक लगाने के लिए पुख्ता प्रबंध किए जाएं। लड़ाई-झगड़े करने के वालों के सख्त कार्रवाई की जाए।



फाइल फोटो

#### नशा करके वाहन चलाने वालों पर होगी कार्रवाई

नशा करके वाहन चलाने वालों पर गुरुग्राम पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। दोपहिया वाहनों पर सवार होकर हुड़दंग करके शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए तैनात पुलिस फोर्स को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं। गुरुग्राम के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों सिनेमा हाल, मॉल्स, बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्थानों पर गश्त के लिए अतिरिक्त पुलिसबल की तैनात किया जाएगा। गुरुग्राम में संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित करके भी पुलिस बल तैनात किया जा गया है।

धुलेंडी के दिन कुछ असामाजिक व शरारती प्रवृति के लोग गंदे पानी के गुब्बारे व कीचड़ इत्यादि आने-जाने वाले लोगों पर डाल देते है। इससे लड़ाई-झगड़े होने की संभावनाएं होती हैं। वहीं, असामाजिक व शरारती प्रवृति के लोग नशीले पदार्थों का भी प्रयोग करके अश्लील हरकते व शांति भंग करने का प्रयास करते हैं। ऐसे में पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार गुरुग्राम पुलिस की टीमें लड़ाई-झगड़ों पर निगरानी रखेंगी।

#### सोशल मीडिया पर साइबर टीमों की नजर

गुरुग्राम पुलिस की साइबर टीमें सोशल मीडिया पर पैनी निगरानी रख रही हैं। सोशल मीडिया पर 24 घंटे निगरानी व मॉनिटरिंग की जा रही है। सोशल मीडिया पर हेट स्पीच, भड़काऊ भाषण से संबंधित पोस्ट या सामग्री डालने पर गुरुग्राम पुलिस मामला दर्ज करके कार्रवाई करेगी। हेट स्पीच, भड़काऊ भाषण के विरुद्ध गुरुग्राम पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति है। गुरुग्राम पुलिस ने जिलावासियों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ भाषण या हेट स्पीच जैसी सामग्री डालने से बचें।

#### पुलिस प्रवक्ता का कहना

पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि त्योहार पर चोरी व स्नैचिंग आदि वारदातें करने वाले गैंग सक्रिय हो जाते है। ऐसे में होली व धुलेंडी के दिन गुरुग्राम पुलिस की टीमें पैनी नजर रख रही हैं। जिले में अपराधों को रोकने के लिए सभी थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी व अपराध शाखा प्रभारी भी अपनी पुलिस टीमों के साथ गश्त करेंगे।

**जिले में लगाए 62 नाके**

होली व धुलहंडी को शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए गुरुग्राम पुलिस ने 62 नाके लगाए हैं। पूर्व जोन में नौ नाके, पश्चिम जोन में नौ नाके, दक्षिण जोन में पांच नाके और मानेसर जोन में 14 नाकों सहित कुल 37 नाके लगाए गए हैं। वहीं, गुरुग्राम यातायात पुलिस ने पूर्व जोन में 10 नाके, पश्चिमी जोन में 10 नाके, दक्षिण जोन में पांच नाके और मानेसर जोन में पांच नाकों सहित कुल 25 नाके लगाए हैं।

## मानव सेवा समिति के होली मिलन समारोह में गीत संगीत नृत्य की धूम जमकर खेली फूलों की होली



**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति ने बुधवार को तेरापंथ भवन में परिवार व होली मिलन समारोह आयोजित किया। आनंद उत्सव के रूप में मनाए गए इस समारोह में स्वर साधना मंदिर की निदेशक अंजु मुंजाल के निर्देशन में उनके कलाकारों द्वारा गाए गए होली के गीतों व किए गए सामूहिक नृत्य पर मानव परिवार के सदस्यों, खासकर महिलाओं ने भी जमकर नृत्य किया। सभी ने राधा कृष्ण व बांके बिहारी की मनमोहक झांकी पर व एक-दूसरे पर फूलों की वर्षा करके फूलों की होली खेली और चंदन टीका लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर दिनेश मंगला वरिष्ठ एडवोकेट ने समारोह अध्यक्ष, पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा ने मुख्य अतिथि, प्रमुख समाजसेवी सीबी रावल, सीए राम लाल बोरड़, पार्षद कुलदीप सिंह साहनी, शिक्षाविद् डॉ.सतीश फौगाट, समाजसेवी अशोक चावला ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेकर मानव सेवा समिति के सेवा कार्यों की सराहना की। इस मौके पर अध्यक्ष कैलाश शर्मा, संस्थापक अरुण बजाज, महासचिव सुरेन्द्र जग्गा, कार्यक्रम संयोजक संजीव शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गोयनका अन्य पदाधिकारी अरुणआहूजा, पीडी गर्ग, सुनील अग्रवाल, अनिल अरोड़ा, प्रेम पसरीजा, संदीप राज राठी, अशोक शर्मा, रमा सरना, प्रतिमा गर्ग, परमेश्वरी, सीमा मनोज मंगला, आई सी जैन, अनिल गर्ग, नरेन्द्र मिश्रा, कुसुम बंसल, संतोष, ममता, मीनाक्षी, अरूणा मितल, राजेश गुप्ता, गोविन्द वर्मा, एमएल मोदी, ओपी परमार, संदीप सिंघला, बिजेंदर गर्ग व विनोद शर्मा ने सभी अतिथियों को सम्मान पट्टिका, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## बंद पड़े केओडी में लगी भीषण आग फर्नीचर सहित सामान जलकर राख

### 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सेक्टर 29 स्थित किंगडम आफ ड्रीम्स (केओडी) की कल्चर गैलरी में वीरवार की सुबह आग लग गई। जिसमें वहां मौजूद फर्नीचर और सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की वजह का पता नहीं चल सका है।

माना जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के चलते लगी है। सेक्टर 29 स्थित किंगडम आफ ड्रीम्स (केओडी) टूरिस्ट अट्रैक्शन रहा है और बड़ी संख्या में लोग यहां पर आते थे। इस ओपेरा थिएटर में पेरिस, अमेरिका और इंग्लैंड समेत यूरोपीय देशों की झलक देखने को मिलती थी। इसमें थीम पार्क भी है, जो 6 एकड़ से ज्यादा इलाके में फैला हुआ है। लेकिन पिछले कई सालों से यह बंद पड़ा है। यहां केवल गार्ड तैनात रहते हैं। वीरवार की सुबह केओडी की कल्चर गैलरी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

कुछ ही देर में वहां रखा सामान आग की चपेट में आकर जलने लगा। थोड़ी दिक्कत हुई थी। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने की वजह का पता नहीं चल सका है। माना जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के चलते लगी है।

**फायर अधिकारी का कहना**

फायर अधिकारी रामेश्वर ने बताया कि यहां बिजली भी बंद है, ऐसे में आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो पाएं हैं। फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया है। कुछ समय पहले भी यहां पर आग लग गई थी।

## केएमपी पर खड़े ट्रक से टकराया कैंटर, चालक की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

फर्रुखनगर एरिया में केएमपी पर बिना इंडीकेटर दिए खड़े ट्रक से टकराने पर कैंटर चालक की मौत हो गई। जबकि चालक के साथ बैठा अन्य ड्राईवर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।

पुलिस को दी शिकायत में पंजाब के लुधियाना निवासी हरपींद्र पाल सिंह ने कहा कि वह कैंटर चलाता है। बीती 11 मार्च की देर सांय करीब साढ़े सात बजे वह और लुधियाना का गुरप्रीत सिंह टाटा-407 कैंटर में मशीनें भरकर केएमपी के रास्ते छत्तीसगढ़ की ओर जा रहे थे। गाड़ी को गुरप्रीत चला रहा था और वह साईड में बैठा था। दूसरे दिन सुबह करीब साढ़े छह बजे वे पटौदी रोड़ पहुंचे। केएमपी पर ही एक चालक ने अपना ट्रक रोड़ पर खड़ा करके उसमें बैठा था। इस दौरान उसने कोई इंडीकेटर नहीं दे रखा था और न ही कोई रोड साईन लगाया हुआ था। चलते कैंटर आगे खड़े ट्रक से टकरा गया। हादसे में हरपींद्र पाल सिंह व गुरप्रीत घायल हो गए। उपचार के लिए फर्रुखनगर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से उन्हें सेक्टर-10 सिविल अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया।

### चार विश्वविद्यालय का उप कुलपति रह चुका है आरोपी

# ओमान का हाई कमिश्नर बताकर सरकारी प्रोटोकॉल तथा अन्य सुख सुविधा हासिल करने वाला नटवरलाल गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद





थाना कौशांबी पुलिस ने गुरवार को एक ऐसे नटवरलाल को गिरफ्तार किया है जो फर्जी तरीके से खुद को ओमान का हाई कमिश्नर बताकर सरकारी प्रोटोकॉल तथा अन्य सुख सुविधा हासिल कर रहा था। आरोपी चार विश्वविद्यालय का उप कुलपति रह चुका है और एक एनजीओ का सदस्य भी है। पुलिस ने इसके कब्जे से आईडी कार्ड, 42 विजिटिंग कार्ड, 01 लाल नीली बत्ती, 01 प्लेट नम्बर एच आर 26 सीएन 0088 व 01 नीले रंग की प्लेट नम्बर 88 सीडी 01 लगी हुई काले रंग की मर्सिडीज कार बरामद की है । ओमान सरकार ने भी कहा कि इस आम को कई व्यक्ति हाई कमिश्नर नहीं है।

डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार नटवरलाल का नरेन्द्र सिंह राणा है जो मूल रूप से जनपद आगरा (उप्र) का निवासी है तथा वर्तमान में 13, नेशनल पार्क रोड, लाजपत नगर 4 थाना अमर कॉलोनी, दिल्ली में रहता है। आरोपी वर्ष 1982 – 2015 तक आगरा यूनिवर्सिटी, आगरा में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत रहा तथ आगरा में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी नाम का एक कालेज तथा राजस्थान में एक रिर्जोट भी है । 2015 में आगरा में प्रोफेसर के पद से रिटायर होने के बाद वर्ष 2015 – 2018 तक पर्यावरण मंत्रालय में अप्रेजल अथोरिटी में काम किया गया तथा वर्ष 2018 – 2020 तक कुमांऊ यूनिवर्सिटी, नैनीताल (उत्तराखण्ड), वर्ष 2020 – 2021 तक अल्मोड़ा रेजिडेन्सियल यूनिवर्सिटी (उत्तराखण्ड), वर्ष 2021 – 2022 तक मेवाड़ यूनिवर्सिटी (राजस्थान) तथा वर्ष 2022 – 2024 तक जयपुर टेक्निकल यूनिवर्सिटी (जयपुर) में वाइस चांसलर के रूप में कार्यरत रहा । उन्होंने बताया कि आरोपी वर्ष 2024 में इंडिया जीसीसी ट्रेड कौंसिल नामक एनजीओ का सदस्य बना। इस एनजीओ का काम भारत का गल्फ देशों में व्यापार बढ़ाना है। बाद में वह एनजीओ का ओमान देश से व्यापार बढ़ाने के लिए ट्रेड कमिश्नर बन गया और इसी का फायदा उठाकर वह खुद को ओमान देश का हाई कमिश्नर बताकर फायदा उठाने लगा । आरोपी अपनी निजी गाड़ी रजिस्ट्रेशन संख्या उसने एचआर26 सीएन 0088 का नम्बर प्लेट बदलकर डिप्लोमेट्स द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली नीली रंग की नम्बर प्लेट जिसका नम्बर 88 सीडी 01 लगाकर इस्तेमाल करने लगा ।

आरोपी कृष्ण शेखर राणा खुद को ओमान देश का हाई कमिश्नर बताकर वीआईपी प्रोटोकॉल प्राप्त करने करने के लिये ओमान देश की एम्बेसी का एक फर्जी लेटर जिलाधिकारी गाजियाबाद के लिये भेजा गया ।

## गर्भवती महिलाओं के भ्रूण के लिंग की जांच करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो पकड़ाए

### गिरोह के कब्जे से पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन, 1 पैन ड्राइव बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

थाना टीलामोड़ पुलिस ने गर्भवती महिलाओं के भ्रूण के लिंग की जाँच करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 01 पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन, 01 पैन ड्राइव, घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल, 02 मोबाइल फोन, भ्रूण के लिंग की जाँच प्राप्त किए हुए 9,700 रुपए व अन्य सामग्री बरामद हुए हैं। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर टीला मोर पुलिस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी की संयुक्त टीम ने डीडीके ईंट भट्टे पर स्थित



बबलू की दुकान में छापा मारा तथा वहां पर प्रसव पहले लिंग की जांच की जा रही थी। पुलिस ने इस मामले में मौके से दो युवकों को गिरफ्तार किया। जिनमें पुजारी अपार्टमेंट शिव विहार पश्चिम दिल्ली के निवासी सत्येंद्र सिंह तथा संगम विहार निवासी नरेंद्र कुमार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। जबकि दो अन्य साथी कपिल कसाना निवासी जावली तथा बबलू निवासी जवाली फरार हो गए। कपिल कसाना इस गिरोह का संचालन करता है। जो पूर्व में भी थाना लोनी बार्डर व दिल्ली में इस प्रकार के अपराधों में गिरफ्तार हो चुका है । आरोपियों के विरुद्ध धारा 61(2),318(4) बीएनएस, 3(1)/3ए/3बी/4/5 (1)(ए)/6 (ए)/18/23/26 प्री-नेटल डाइग्रॉस्टीक टेक्निक्स एक्ट व 34 राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आए कि दोनों अभियुक्त अपने अन्य 02 साथियों के साथ मिलकर प्रसव से पूर्व गर्भवती महिलाओं के भ्रूण की जाँच कर लिंग निर्धारण का काम करते है ।

### आरोपी से वाहन चोरी के 3 मामले का खुलासा हुआ

## टीम ने दोनों भाईयों को अवैध हथियार सहित अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया

# आकाश से तीन मोटरसाइकिल बरामद तथा पवन से चार मामलों में 75 हजार रुपए नगद बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

अपराध शाखा सेक्टर-65 टीम ने दो भाईयों को अवैध हथियार सहित अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 12 मार्च को अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम को गुप्त सूत्रों से आकाश वासी गांव दुधौला पलवल के पास अवैध हथियार होने की सूचना प्राप्त हुई जिसपर कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा की टीम ने आकाश को आईएमटी एरिया से देसी कट्टा सहित काबू किया गया। जिस संबंध में थाना सदर बल्लभगढ़ में अवैध हथियार का मामला दर्ज किया गया। आरोपी आकाश से पूछताछ में सामने आया कि वह देसी कट्टे को अलीगढ़ में किसी व्यक्ति से 5000 रुपए में खरीद कर लाया था। आरोपी से वाहन चोरी के 3 मामले का खुलासा हुआ है। जिसपर अपराध शाखा की टीम ने आरोपी की निशान देही पर 3 मोटरसाइकिल बरामद की है। जिनके



संबंध में थाना सदर बल्लभगढ़ व सेक्टर-8 में मामले दर्ज है। अपराधिक रिकॉर्ड अनुसार आरोपी पर पलवल व फरीदाबाद में 25 मामले चोरी व अवैध हथियार के दर्ज है। आरोपी से पूछताछ में पता चला की उसका भाई भी उसके साथ अलीगढ़ से देसी कट्टा खरीद कर लाया था। जिसकी सूचना पर अपराध शाखा की टीम ने 13 मार्च को आरोपी पवन वासी गांव दुधौला पलवल को बल्लभगढ़ बस स्टैण्ड से काबू किया है। जिसके पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ। जिसके संबंध में थाना शहर बल्लभगढ़ में अवैध हथियार से संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया। पवन ने पूछताछ में बताया कि वह अपने भाई आकाश के साथ अलीगढ़ से किसी अंजान व्यक्ति से 5000 रुपए में देशी कट्टा खरीद कर लाया था। वह चोरी का सामान आगे बेचता है। उसके द्वारा उदयबीर और अरुण से चोरी के पशु खरीदे थे। जिनको आगे उसने मुनाफे पर बेच दिया था।

### पूछताछ में हुआ मामले का खुलासा

## संदिग्ध डॉक्यूमेंट के कारण पकड़ में आया आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

पाटिल ने बताया कि आप अपनी गाजियाबाद में भी एक फर्जी लेटर भेज कर प्रोटोकॉल की डिमांड की थी साथ ही एक संदिग्ध डॉक्यूमेंट भी लगा दिया जिसकी पुलिस ने जांच की तो मामला संदिग्ध होने पर इसको बुलाकर इससे पूछताछ की इसके बाद पूरा मामला खुलता चला गया।

थाना कौशाम्बी पर व अशोक तौमर, चौकी प्रभारी यूपी गेट थाना कौशाम्बी ने आरोपी के खिलाफ धारा 319(2),318(4),336(3) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत कराया । पुलिस को पूछताछ में राणा ने बताया कि ओमान देश का हाई कमिश्नर बताने से मुझे वीआईपी सुरक्षा एवं सुविधायें आसानी से मिल जाती है, इस कारण से ही मैंने अपनी प्राइवेट कार पर विदेशी राजनायकों के लिए प्रयोग में लाई जाने वाली नीली नम्बर प्लेट को फर्जी तैयार कर अपनी कार पर आगे व पीछे लगा ली और साथ ही कार के ऊपर लाल व नीली बत्ती, कार के आगे व पीछे के शीशे पर ओमान देश का फ्लैग स्टीकर, कार के अगले शीशे पर वर्ल्ड ह्यूमन राइट प्रोटेक्शन कमीशन का लाल रंग का स्टीकर भी लगाया है ।

## खबर संक्षेप

### होली व जुमे की नमाज प्रयागराज में फ्लैग मार्च

**प्रयागराज।** शुक्रवार को रंगों का त्योहार होली का पर्व मनाया जाएगा। इसी दिन रमजान के दूसरे जुमे की नमाज भी है। संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने एहतियातन सतर्कता बरतना शुरू कर दी है। कमिश्नरेट पुलिस ने सुरक्षा के खास इंतज़ाम किए हैं। दोनों शांतिपूर्वक कराए जाने के लिए प्रयागराज पुलिस अब सड़कों पर उतरकर हर छोटे बड़े इलाकों में रूट मार्च कर रही है।



### बिजली चोरी पर सख्ती कर्मचारियों की निगरानी

**लखनऊ।** यूपी में बिजली चोरी वाले इलाकों में कर्मचारियों की निगरानी करने का अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। साथ ही कहा गया है कि 80% से ज्यादा लाइन लॉस वाले इलाकों में लाइनमैन अब सीधे बर्खास्त किए जाएंगे। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अफसरों को आदेश दिए। कहा कि त्योहार पर सभी को अनवरत बिजली मिले, इसके लिए सजग रहें।



### बेटी और बीवी संग युवक ने किया सुसाइड

**रामपुर।** यहां एक युवक ने अपनी बेटी व पत्नी के साथ आत्महत्या कर ली। ट्रेन आता देखकर युवक बेटी व पत्नी के साथ पटरी पर लेट गया। जिससे तीनों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। वहीं युवक के बेटे को ट्रैक पर काम कर रहे कीमैन ने दौड़कर बचा लिया। दोनों घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।



## बरेली में निकली ऐतिहासिक राम बारात

# हुरियारों ने महाकुंभ के जल से खेली होली, शहर में कड़ी सुरक्षा

*बरेली में होली के अवसर पर रामलीला का आयोजन होता है। एक दिन पहले राम बारात निकाली जाती है। यह अनूठी परंपरा 164 वर्ष पुरानी है। इसे यूनेस्को ने विश्व धरोहर घोषित किया है।*

एजेंसी ▶▶ बरेली

जिले में बृहस्पतिवार को ऐतिहासिक राम बरात निकली तो पूरे शहर में होला का उल्लास छा गया। सुबह करीब 10 बजे बमनपुरी स्थित नृसिंह मंदिर में पूजा-पाठ के बाद राम बरात का विधिवत शुभारंभ हुआ। प्रभु श्रीराम, सीता, लक्ष्मण व हनुमान जी के स्वरूप 164 साल पुराने लकड़ी के रथ पर सवार हुए। इस रथ को भव्य रूप से सजाया गया। नृसिंह मंदिर से जैसे राम बरात का मुख्य रथ निकला तो शहरवासी बराती बनकर झूम उठे। रंग-गुलाल के साथ पुष्प वर्षा होने लगी। राम बरात में शामिल हुरियारों ने महाकुंभ के जल में रंग मिलाकर शहरवासियों को सराबोर कर दिया। होली की मस्ती में झूमते हुरियारों की टोली जिधर से गुजरी, उधर सड़कों पर रंगों की छाप पड़ती रही। बता दें कि बरेली में होली के अवसर पर रामलीला का आयोजन होता है। यह अनूठी परंपरा 164 वर्ष पुरानी है। इसे यूनेस्को ने विश्व धरोहर घोषित किया है। राम बरात शहर के कई इलाकों से गुजरती है। जगह-जगह रामबरात का पुष्पवर्षा से स्वागत किया जाता है।



### धर्मस्थलों को ढका, ड्रोन से निगरानी

*राम बारात में अभूतपूर्व सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए पुलिस -प्रशासन के अधिकारियों की सेक्टरवार ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही 315 पुलिसकर्मी यात्रा के साथ व छतों पर तैनात किए गए हैं। ड्रोन से भी निगरानी की जा जा रही है। रास्ते में पड़ने वाले दूसरे समुदाय के धर्मस्थलों को ढकवा दिया गया है। संवेदनशील स्थलों पर पुलिस अधिकारी ज्यादा सतर्कता बरत रहे हैं। एसएसपी ने रामबरात को सकुशल निकलवाने की जिम्मेदारी एसपी सिटी मानुष पारीक को दी है।*

### एक कंपनी पीएसी तैनात

रामबरात में लगी फोर्स का नेतृत्व चार सीओ को सौंपा गया है। इसके साथ ही चार थाना प्रभारी, 12 इंस्पेक्टर, 59 दरोगा, 131 आरक्षी, मुख्य आरक्षी, 24 महिला सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई है। छह क्यूआरटी (क्विक रेस्पांस फोर्स) का गठन किया गया है। इसमें 50 पुलिसकर्मी शामिल हैं। रामबरात की सुरक्षा में एक कंपनी पीएसी भी लगाई गई है। खुफिया टीम भी सादे कपड़ों में तैनात की गई है।

## यूपी के कई जिलों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

# कहीं तिरपाल से ढकी गईं मस्जिदें तो कहीं बनाए गए कंट्रोल रूम,पुलिस प्रशासन ने तैयारियां कर ली

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में होली के रंग में कहीं किसी तरह की भंग न पड़े इसके लेकर प्रदेश में खास इंतजाम किए गए हैं। यहां तक की होली के दिन जुमे की नमाज का वक्त भी बदल दिया गया है। संभल में मस्जिदों को तिरपाल से ढक दिया गया है। इससे पहले बरेली में निकली ऐतिहासिक राम बरात के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम देखने को मिले। रंगों के इस त्योहार को शांति और बिना तनाव पूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने पहले से तैयारियां कर ली हैं।

### कानपुर में निगरानी के लिए बनाए गए 4 कंट्रोल रूम



*कानपुर में 13 मार्च को होलिका दहन और मस्जिदों में तरावीह का कार्यक्रम एक साथ होने के कारण प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। त्योहार में किसी तरह की खलल न हो, इसके लिए चार कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। कोतवाली, आई ट्रिपल सी नगर निगम, रावतपुर और बाबूपुरवा में कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। जलकल, स्वास्थ्य, केस्को, आबकारी, पुलिस विभाग समेत अन्य विभागों के एक-एक अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है। यह अपने-अपने क्षेत्र की निगरानी करेंगे। रावतपुर रामलला मंदिर से जुलूस के साथ अन्य शोभा यात्राएं निकाली जाती हैं। साथ ही माहे रमजान भी है।*

### लखनऊ में संवेदनशील इलाकों पर कड़ी निगरानी

राजधानी लखनऊ में होली और जुमे की नमाज के लिए पुलिस हाई अलर्ट पर है। संवेदनशील इलाकों पर कड़ी निगरानी की जा रही है। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए हैं। साइबर सेल सोशल मीडिया पर निगरानी रखे हुए है।

### मुस्लिम समाज के लोग करेंगे 'लाट साहब' का स्वागत

शाहजहांपुर में होली पर निकलने वाले लाट साहब के जुलूस में मुस्लिम बहुल क्षेत्र किला में सौहार्द के फूल बरसेंगे। यहां के मुस्लिम समाज के लोगों ने अधिकारियों के सामने लाट साहब पर फूल बरसाकर एकता की मिसाल कायम करने का वादा किया। स्पष्ट किया कि सौहार्द पर आंच नहीं आने देंगे। इस बार जुमे की नमाज और होली एक साथ होने के कारण पुलिस और प्रशासन चिंतित है। त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस काफी मशक्कत कर रही है। शहर में होली पर लाट साहब का जुलूस किला क्षेत्र से होकर निकलता है। यहां पर मुस्लिम बहुल इलाका होने के चलते खतरा बना रहता है।

### अयोध्या में तिरपाल से ढकी गई घंटाघर की मस्जिद

अयोध्या में होली के मौके पर घंटाघर की मस्जिद को तिरपाल से ढक दिया गया है। चौक घंटाघर स्थित शिया समुदाय की हसन खां मस्जिद को जिला प्रशासन ने मस्जिद के मौलाना के सहयोग से ढकवा दिया है। ताकि होली के समय इस पर रंग न पड़े। जिला प्रशासन ने एहतियातन यह कदम उठाया है। किसी समुदाय की भावना को ठेस न पहुंचे। बृहस्पतिवार को इसी मस्जिद के सामने चौक में सराफा व्यवसायियों ने होली खेली। रंग से बचने के लिए मस्जिद को पहले ही ढक दिया गया। शुक्रवार को हिंदू समुदाय होली का पर्व मनाएगा। ऐसे में दो दिन मस्जिद तिरपाल से ढकी रहेगी। रामनगरी में होली के एक दिन पहले होलिका दहन के दिन परंपरागत रूप से चौक के सराफा व्यवसाई होली का त्योहार मनाते हैं।

### मेरठ में 200 कलस्टर मोबाइल टीम करेंगी कार्रवाई

मेरठ में होली और दुल्हेंडी को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। जिले में 1895 जगह पर होलिका का दहन होगा। जिसमें शहर में 908 और देहात में 987 जगह पर होलिका का दहन किया जाएगा। इसके साथ ही जिले में पुलिस की विशेष टीम 200 कलस्टर मोबाइल तैयार की गई हैं। माहौल खराब करने की कोशिश करने व झगड़ा करने वालों पर पुलिस की ये टीम सख्त कार्रवाई करेगी।

### जामा मस्जिद में 2.30 बजे होगी जुमे की नमाज

होली और होली से एक दिन पूर्व निकलने वाले गुलाल के जुलूस को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट है। बुधवार को जुलूस के मार्ग पर पड़ने वाली दस मस्जिदों को कवर कराया गया है। जिससे किसी तरह की आशांति न फैले। वहीं, दूसरी ओर जामा मस्जिद कमेटी ने भी जुमे की नमाज का समय 2.30 बजे तय कर दिया है। इसका एलान जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट ने किया है।

## अफसरों ने सीएम को दी जानकारी नए टर्मिनल का काम जून 2025 तक पूरा हो जाएगा



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने गुरुवार को पटना के जय प्रकाश नारायण एयरपोर्ट और बिहटा एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों से निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा है। अफसरों ने सीएम को बताया कि पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का काम जून 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। वहीं, बिहटा में भी नया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाया जाना है, जिसका शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अप्रैल में कर सकते हैं। नीतीश कुमार ने गुरुवार को पटना एयरपोर्ट पर कैफेटेरिया, आधुनिक लाउंज, पार्किंग, चेक इन काउंटर समेत टर्मिनल के विभिन्न हिस्सों का दौरा कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सीएम को बताया कि आगामी जून महीने तक सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। यहां 11 एयरो स्टेशन बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हम लोग निर्माण कार्य का लगातार निरीक्षण करते रहे हैं। बचे हुए कार्यों को तेजी से पूरा करें, ताकि हवाई यात्रियों को और सुविधा मिल सके। पटना एयरपोर्ट से यात्रियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसे देखते हुए एयरपोर्ट का विस्तार किया जा रहा है।

## हेल्थ सेक्टर को मिलेगा बड़ा संबल

# स्वास्थ्य मंत्री ने नवनियुक्त चिकित्सकों को सौंपे नियुक्ति पत्र



एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बुधवार को नवनियुक्त चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में हुए इस कार्यक्रम में कुल 56 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, 38 चिकित्सा पदाधिकारी, 11 दंत चिकित्सक और 57 ओटी टेक्निशियन को नियुक्त किया गया। इस दौरान मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड को एक मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्था देने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है।

### शुरू होंगे सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल

मंत्री ने बताया कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार बड़े कदम उठा रही है। रिम्स पर मरीजों का बोझ कम करने के लिए जल्द ही पांच सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनाए जाएंगे। इसके अलावा डॉक्टर्स की कमी को पूरा करने के लिए जल्द ही 10,000 से अधिक भर्तियां की जाएंगी। रिटायर्ड डॉक्टरों की सेवाएं भी ली जाएंगी, जिससे मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके।

### नवनियुक्त चिकित्सकों की भूमिका अहम

मंत्री डॉ. अंसारी ने नए डॉक्टर्स को बधाई देते हुए कहा कि उनकी भूमिका समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अब वे अस्पतालों में अपनी सेवाएं देंगे और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने में योगदान करेंगे। उन्होंने कहा, ₹डॉक्टर्स मरीजों की जान बचाने का काम करते हैं, इसलिए हमें उनका मनोबल भी बढ़ाना होगा।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर को किया जा रहा मजबूत

*स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य में जल्द ही नए मेडिकल कॉलेज और मेडिकल सीटें बढ़ाई जाएंगी। हर पंचायत में हेल्थ कॉटेज बनाए जाएंगे और इलाज में एआई व रोबोटिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा। 108 एंबुलेंस सेवा का विस्तार होगा और दूरदराज के इलाकों में बाइक एंबुलेंस शुरू की जाएगी।*

### एयर एंबुलेंस से हजारों लोगों की बचाई गई जान

*मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से झारखंड में एयर एंबुलेंस सेवा शुरू की गई, जिससे अब तक हजारों लोगों की जान बचाई जा चुकी है। सरकार अब हर जिले में हेलीकॉप्टर एंबुलेंस सेवा शुरू करने पर विचार कर रही है।*

### सीएसआर फंड से स्वास्थ्य सेवा को मिलेगा समर्थन

*राज्य सरकार ने बड़ी कंपनियों को सीएसआर फंड के तहत स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, प्राइवेट अस्पतालों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि किसी मरीज की मृत्यु होने पर उसके परिवार पर बकाया बिल का अतिरिक्त बोझ न डाला जाए।*

## सिपाही भर्ती परीक्षा में सफल युवाओं को दी बधाई

# प्रदेश के इतिहास की सबसे बड़ी भर्ती निष्पक्ष संपन्न

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में सिपाही भर्ती परीक्षा में सफल युवाओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर चयनित सभी 60,244 मेधावी और ऊर्जावान युवाओं को सफलता की हार्दिक बधाई। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि इस चयन प्रक्रिया के माध्यम से 12048 बेटियां प्रदेश पुलिस का हिस्सा बनने जा रही हैं।

सीएम ने कहा कि शुचितापूर्ण रीति-नीति और निष्पक्ष तथा पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से आरक्षण प्रावधानों का पूरा अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सम्पन्न इस चयन परीक्षा में कुल सामान्य वर्ग के 12937 अभ्यर्थी, अन्य पिछड़ा वर्ग के 32052 अभ्यर्थी, अनुसूचित जाति के 14026 अभ्यर्थी व अनुसूचित



जनजाति के 1229 अभ्यर्थी सफल हुए हैं।

**उत्तर प्रदेश पुलिस का हिस्सा बनने की अनंत शुभकामनाएं:** यह सफलता आपकी मेधा, प्रतिभा और कौशल का परिणाम है। आपके गुरुजनों और अभिभावकों का आशीर्वाद है। आप सभी को उत्तर प्रदेश पुलिस का हिस्सा बनने की अनंत शुभकामनाएं। प्रदेश के इतिहास की सबसे बड़ी सिपाही भर्ती परीक्षा के सफल आयोजन में संलग्न रहे उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साधुवाद।

## योगी के प्रशासन पर भड़की नीतीश की जेडीयू

# होली पर मस्जिद ढकना दुर्भाग्यपूर्ण, सियासत गर्माई

एजेंसी ▶▶ पटना

होली के पर्व पर यूपी में मस्जिद को ढकने के मामले पर सियासत गर्माई हुई है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड ने इस पर आपत्ति जताई है। जेडीयू ने यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार के प्रशासन के इस फैसले की आलोचना की है। जेडीयू के नेता अभिषेक झा ने गुरुवार को कहा कि होली पर मस्जिदों को ढका जा रहा है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे अनावश्यक विवाद पैदा होगा।

जेडीयू नेता अभिषेक झा ने गुरुवार को पटना में कहा कि बीते 10 सालों में चार बार होली का त्योहार शुक्रवार के दिन आया है। 18 मार्च को 2022 को होली जुमे पर ही मनाई गई थी। उस समय किसी तरह का विवाद नहीं हुआ था। कहा कि कुछ लोग इस तरह की बयानबाजी कर टीआरपी बटोरना चाहते हैं।



भारत एक सेक्युलर और लोकतांत्रिक देश है, जहां सभी जाति और धर्म के लोगों को अपने धर्म का पालन करने का पूरा अधिकार है। प्रशासन की यह जिम्मेदारी होनी चाहिए कि ऐसी घटनाएं नहीं हों।

जेडीयू नेता ने कहा कि आप मंदिर या मस्जिद को नहीं ढक सकते हैं। सावधानी बरतना सभी की जिम्मेदारी होती है। सांप्रदायिक और सामाजिक सौहार्द बनाए रखना चाहिए। यह सबकी जवाबदेही होती है, लेकिन सबसे बड़ी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की है। प्रशासन को इसे एक चुनौती के रूप में लेना चाहिए।

# रंगों के रंग में रंग गए सीएम हेमंत सोरेन, आम से खास सभी उत्साहित

## अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड विधानसभा में बजट सत्र जारी है। इस दौरान मंगलवार को विधानसभा परिसर फगुआ गीत से गूंज उठा। दरअसल, राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधानसभा के अन्य सदस्य होली को लेकर उत्साहित नजर आए। होली मिलन पर मुख्यमंत्री ने तमाम विधानसभा के सदस्यों को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। पार्टी लाइन से उठकर तमाम राजनीतिक दलों के नेता होली मिलन में एकत्रित हुए।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य की जनता को बधाई दी

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य की जनता को संदेश देते हुए कहा, होली एक ऐसा त्योहार है। जो आपसी भाईचारे को बढ़ावा देता है। इस त्योहार में सभी वर्ग के लोग शामिल होकर खुशियां मनाते हैं। होली पर तमाम राज्य की जनता से अपील है कि एकजुट होकर त्योहार में शरीक हो खुश रहें और त्योहार का आनंद लें। प्राचीन श्रीराम जानकी तपोवन



मन्दिर में रंगभेरी एकादशी महोत्सव का आयोजन होली के मौके पर रांची के प्राचीन श्रीराम जानकी तपोवन मन्दिर में रंगभेरी एकादशी महोत्सव आयोजन किए जाने की प्रथा है। इस वर्ष भी भव्य रंगभेरी एकादशी महोत्सव का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य पुजारी महंत ओमप्रकाश शरण ने प्रभु श्रीराम के चरणों में अबीर अर्पित कर होली का शुभारंभ किया।

### होली के एक दिन पहले दो भाई समेत तीन की मौत

**सीवान।** सीवान में दो भाई समेत तीन की डूबने से मौत हो गई। घटना दरौली थाना क्षेत्र के मंगरौली गांव की है। मृतकों की पहचान मृतक की पहचान दरौली थाना क्षेत्र के मंगरौली गांव निवासी चंदन तिवारी के पुत्र सन्नी कुमार के रूप में की गई है। इस घटना में सूरज कुमार और रितेश कुमार जो आपस में चचेरे और फुफेरे भाई हैं, उनकी भी मौत हो गई। घटना के संबंध में परिजनों का कहना है कि सन्नी, सूरज कुमार और रितेश कुमार आज सरयू नदी के दरौली घाट पर नहाने के लिए आये थे। तीनों नहा रहे थे, तभी मजाक मजाक में एक भाई पीपा पुल पर चढ़ कर पानी मे बार-बार कूद रहा था। इसी दौरान अचानक वह गहरे पानी में चला गया। देखते ही देखते वह डूबने लगा। दूसरे ने जब उसको डूबते हुए देखा तो वह भी गहरे पानी मे उसको बचाने के लिए चला गया। उसे बचाने के चक्कर में यह भी डूबने लगा। दोनों को डूबते देख तीसरा भी उसी तरह आगे बढ़ गया, जिससे तीनों डूबने लगे और इस तरह तीनों डूब गये।

# झारखंड में माओवादी नेता दुर्गा सिंह गिरफ्तार 18 मामलों में था वांटेड, हथियार भी बरामद किए

एजेंसी ▶▶ गुमला

झारखंड पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। 18 मामलों में वांछित माओवादी नेता दुर्गा सिंह उर्फ पंजारी सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा दो अन्य माओवादियों को भी गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं।

प्रतिबंधित माओवादी समूह पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के केंद्रीय समिति के सदस्य दुर्गा सिंह उर्फ पंजारी सिंह को झारखंड के गुमला जिले में गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि पीएलएफआई के संस्थापक सदस्यों में से एक दुर्गा को बुधवार रात कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुरुमकेला तेतरटोली गांव के पास छापेमारी के दौरान गिरफ्तार



किया गया। गुमला के एसपी शंभू कुमार सिंह ने बताया कि 18 आपराधिक मामलों में वांछित दुर्गा पीएलएफआई नेता दिनेश गोप के जेल जाने के बाद संगठन का दूसरे नंबर का नेता बनकर संगठन का नेतृत्व कर रहा था। एसपी ने बताया, 'हमें खुफिया जानकारी मिली थी कि दुर्गा पीएलएफआई के कई साथियों के साथ इलाके में किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था।'

गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गुमला के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) के नेतृत्व में जिला पुलिस और एसएसबी 32 बटालियन की एक संयुक्त त्वरित प्रतिक्रिया टीम को तैनात किया गया। एसपी ने बताया कि छापेमारी के दौरान हमारी टीम ने मुरुमकेला तेतरटोली गांव के पास दो मोटरसाइकिलों पर संदिग्ध लोगों को देखा। पुलिस को देखकर संदिग्धों ने भागने का प्रयास किया।

एक मोटरसाइकिल भागने में सफल रही, लेकिन हमने पीछा कर दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि दुर्गा सिंह के अलावा पीएलएफआई के एरिया कमांडर कलेश्वर हजाम उर्फ टेम्पू हजाम और रांची के ओरमांझी निवासी रामकुमार सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से एक डबल बैरल राइफल, एक देसी रिवॉल्वर और आठ कारतूस बरामद किए हैं।

सिंहस्थ-2028 के लिए 2 हजार 5 करोड़, गीता भवन और वृंदावन ग्राम योजना के लिए 100-100 करोड़ रुपए

# विकास और जनकल्याण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है प्रदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गांव, गरीब सहित सभी वर्गों के लिए व्यवस्थित योजना से मप्र विकास और जनकल्याण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत<\@>2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य सरकार विकसित मप्र के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। राज्य का बजट 2025-26 इसी संकल्प की प्राप्ति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। राज्य सरकार ने पहली बार 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया। यह बजट प्रावधान पिछले वर्ष 2024-25 की अपेक्षाकृत 15 प्रतिशत अधिक है। इतने बड़े बजट के बाद भी कोई टैक्स नहीं लगाया गया है और न ही कोई कटौती की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव विधानसभा में प्रस्तुत प्रदेश के वर्ष 2025-26 के बजट के संबंध में विधान सभा परिसर में मीडिया से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई सरकार बनते ही अगले 5 साल में बजट को दोगुना करने का लक्ष्य तय कर लिया गया था। वर्ष 2025-26 का बजट इसी दिशा में अनुकरणीय प्रयास है। इस बजट में राज्य के गरीब, युवा, अन्नदाता किसान और नारी (ज्ञान) सहित सभी वर्गों की बेहतरी के संकल्प को पूरा किया गया है। सभी क्षेत्रों में विकास के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित की जा रही है। वर्ष- 1956 में मप्र का गठन हुआ, लेकिन वर्ष 2003-04 तक मात्र 20 हजार करोड़ रुपए का बजट था, अब हम इसे 21 गुना बढ़ाते हुए 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपए तक पहुंचे हैं। यह दर्शाता है कि मप्र को अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। इधर, मप्र बजट का भाषण सुनने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज

## सर्व-व्यापक, सर्व-स्पर्शी, सर्व-समावेशी बजट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वित्त एवं उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का सर्व-व्यापक, सर्व-स्पर्शी, सर्व-समावेशी बजट प्रस्तुत कने के लिए अभिनंदन करते हुए कहा कि वर्ष 2025 का यह बजट मप्र की आशाओं, आकांक्षाओं का बजट है। राज्य सरकार अपने सभी संकल्पों को पूरा करने की ओर निरंतर आगे बढ़ रही है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वर्ष‹\@›2047 तक 2 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 250 लाख करोड़) बनाना है। यह केवल संख्यात्मक दस्तावेज नहीं, अपितु प्रदेश की जनता की जिंदगी बदलने वाला बजट है। गरीबों को सशक्त बनाएगा और प्रदेश के युवाओं के लिए बेहतर भविष्य का सृजन करेगा। बजट में महिलाओं, गरीब, किसान, अनुसूचित जाति और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए विशेष कदम उठाए गये हैं। मुख्यमंत्री ने लोककल्याणकारी बजट के लिए प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# अरूणाभा वेलफेयर सोसाइटी ने मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



अरूणाभा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सेक्टर-31, फरीदाबाद में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वेलफेयर में पढ़ने वाले बच्चों और सदस्यों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जहां बच्चों के नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया वहीं सदस्यों ने अपनी कविता, संगीत और चुटकुलों से सबको बांधे रखा। तत्पश्चात फूलों वाली होली खेली गई। बच्चों की प्रस्तुति में अंकित द्वारा किया गया कृष्ण के नृत्य ने सबकी वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में संरक्षिका डा. आभा सिन्हा के साथ ही सुभाष गोला प्रजापति, ममता मित्तल, रेशमी गोप्पी, डा. आर. के. श्रीवास्तव,पोप सिंह, संयुक्ता श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। अंत में वेलफेयर की संस्थापिका एवं राष्ट्रीय अध्यक्षा प्रणीता प्रभात ने उपस्थित सभी लोगों को होली की ढेर सारी बधाई देते हुए सबका तहे दिल से आभार व्यक्त किया।

कवर्धा-बेमेतरा नेशनल हाईवे स्थित ग्राम सैगोना का मामला

# भीषण सड़क हादसे में तीन की मौत, 8 घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिले में एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। यह हादसा कवर्धा-बेमेतरा नेशनल हाईवे स्थित ग्राम सैगोना में हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार एक चार पहिया वाहन में 11 लोग सवार थे, ये सभी लोग रायपुर से कबीरधाम जिला अपने घर होली पर्व मनाने जा रहे थे। रास्ते में वाहन अनियंत्रित होकर नहर में पलट गया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है, जिसमें दो महिला एक पुरुष शामिल हैं, वहीं हादसे में आठ लोग घायल हैं जिसमें से तीन बच्चों की हालत गंभीर है। घायलों को तत्काल उपचार के लिए रायपुर रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि टायर फटने की वजह से यह हादसा हुआ है। बाकी सभी लोगों को बेमेतरा जिला अस्पताल लाया गया है। मृतक तीन लोगों के शवों को मर्चुरी में रखा गया है। परिजनों को घटना के संबंध में जानकारी दी जा चुकी है। पुलिस को परिजनों के आने का इंतजार है।

# भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय सुरेन्द्र नाथ पंचतत्व में विलीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, भोपाल के पूर्व जिला अध्यक्ष, बीडीए के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व विधायक स्वर्गीय सुरेन्द्र नाथ सिंह बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने स्व. सुरेन्द्र नाथ सिंह के कोटरा सुल्तानाबाद स्थित निवास पहुंचकर अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता स्व. सुरेन्द्र नाथ सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। बुधवार को भोपाल के भदभदा विश्रामघाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्व. सिंह की अंतिम यात्रा एलआईजी-150 कोटरा सुल्तानाबाद स्थित उनके निवास से निकली। मुखाग्नि उनके बेटे आदित्य नाथ सिंह ने दी। अंतिम संस्कार में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद आलोक शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जोशी, भगवानदास सबनानी,दर्शन सिंह चौधरी, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, रामेश्वर शर्मा, उमाशंकर गुप्ता,अरविंद भदौरिया, आलोक संजर, रविन्द्र यति, वैभव पंवार,सुमित पचौरी सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर अंतिम विदाई दी।

# कार और ट्रक की टक्कर में आरआई सहित 6 परिजनों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राष्ट्रीय राजमार्ग- 353 पर भीषण सड़क हादसे में कार सवार एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। कार और ट्रक की टक्कर में राजस्व विभाग में पदस्थ आरआई ताहर सिंह ठाकुर सहित उनके पूरे परिवार की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा दोपहर 3:48 बजे ओंकारबंद के पास हुआ। हादसा इतना भयानक था कि कार के परखच्चे उड़ गए। शवों को निकालने के लिए स्थानीय प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल है। वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से मृतकों और घायलों को बाहर निकाला। सभी शवों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा भेजा गया है। घायल ट्रक चालक को इलाज के लिए महासमुंद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मरने वालों में राजस्व निरीक्षक ताहर सिंह ठाकुर, बिन्देश्वरी ठाकुर (48), वैभवी ठाकुर (19), तृप्ति ठाकुर (32), सरोजनी ठाकुर (37), कार चालक सूरज कंसारी (30) शामिल हैं।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## होली विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

**होली फेस्टिवल सीजन–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों से तिथिवार संचालन निम्नानुसार है:–

**दिनांक 14.03.2025 (शुक्रवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04012 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज, रक्सौल, बैरगनिया, सीतामढ़ी एवं जनकपुर रोड स्टेशन |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोण्डा जं., बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टून्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी एवं फ़तेहपुर स्टेशन |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, गोण्डा जं. एवं बस्ती स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली (वन्दे भारत विशेष) | 08:30 | पटना जं. (वन्दे भारत विशेष) | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 04070 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं. एवं बिहार शरीफ जं. स्टेशन |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | सीतामढ़ी | 02:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी जं., औंड़िहार, गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं. एवं मुजफ्फरपुर जं. स्टेशन |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05204 | आनन्द विहार (ट.) | 09:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 05:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 07708 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 03:15 | चर्लपल्ली | 09:30 | आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), बीना जं., रानी कमलापति (भोपाल), नागपुर, चंद्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचिर्याल, रामागुंडम एवं काजीपेट जं. स्टेशन |
| 02982 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 06:00 | सोगरिया | 13:10 | मथुरा जं., भरतपुर जं., बयाना जं., हिण्डौन सिटी, गंगापुर सिटी एवं सवाई माधोपुर स्टेशन |
| 09726 | शकूरबस्ती | 15:50 | ढेहर का बालाजी | 22:50 | बहादुरगढ़, अस्थल बोहर, झज्जर, रेवाड़ी जं., कुंड, अटेली, नारनौल, निज़ामपुर, डाबला, मांवडा, नीम का थाना, कांवट, श्री माधोपुर, रींगस जं., गोविंदगढ़ मलिकपुर, चौमूं सामौद एवं नींदर बेनाड स्टेशन |

**दिनांक 15.03.2025 (शनिवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04024 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ, रायबरेली जं. एवं मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 09004 | दिल्ली जं. | 13:05 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., अलवर, बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिंडवाड़ा, आबू रोड, पालनपुर जं., महेसाना जं., साबरमती बीजी, वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी एवं बोरीवली स्टेशन |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र जं., अंबाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली (वन्दे भारत विशेष) | 08:30 | पटना जं. (वन्दे भारत विशेष) | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |
| 04030 | आनन्द विहार (ट.) | 09:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 06:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., सगौली जं. एवं बापूधाम मोतिहारी स्टेशन |
| 05284 | आनन्द विहार (ट.) | 07:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 04:50 | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी एवं मोतीपुर स्टेशन |
| 05306 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोण्डा जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जं. एवं सीवान जं. स्टेशन |
| 01492 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 22:10 | पुणे जं. | 23:55 | मथुरा जं., सवाई माधोपुर, भवानी मंडी, रतलाम जं., वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी, पालघर, वसई रोड, भिवंडी रोड, कल्याण जं. एवं लोनावाला स्टेशन |
| 09726 | शकूरबस्ती | 15:50 | ढेहर का बालाजी | 22:50 | बहादुरगढ़, अस्थल बोहर, झज्जर, रेवाड़ी जं., कुंड, अटेली, नारनौल, निज़ामपुर, डाबला, मांवडा, नीम का थाना, कांवट, श्री माधोपुर, रींगस जं., गोविंदगढ़ मलिकपुर, चौमूं सामौद और नींदर बेनाड स्टेशन |

**दिनांक 16.03.2025 (रविवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04020 | आनन्द विहार (ट.) | 19:30 | बरौनी जं. | 18:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ जं., रायबरेली जं. एवं मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन |
| 04068 | आनन्द विहार (ट.) | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, हाथीदा जं., लक्खीसराय जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुलतानगंज स्टेशन |
| 02436 | नई दिल्ली (वन्दे भारत विशेष) | 08:30 | पटना जं. (वन्दे भारत विशेष) | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोण्डा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, दरभंगा जं., सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल एवं गढ़ बरुआरी स्टेशन |
| 05220 | आनन्द विहार (ट.) | 08:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 00:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जं. एवं हाजीपुर जं. स्टेशन |
| 02982 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 06:00 | सोगरिया | 13:10 | मथुरा जं., भरतपुर जं., बयाना जं., हिण्डौन सिटी, गंगापुर सिटी एवं सवाई माधोपुर स्टेशन |
| 09726 | शकूरबस्ती | 15:50 | ढेहर का बालाजी | 22:50 | बहादुरगढ़, अस्थल बोहर, झज्जर, रेवाड़ी जं., कुंड, अटेली, नारनौल, निज़ामपुर, डाबला, मांवडा, नीम का थाना, कांवट, श्री माधोपुर, रींगस जं., गोविंदगढ़ मलिकपुर, चौमूं सामौद और नींदर बेनाड स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन |
| 02526 | आनन्द विहार (ट.) | 17:20 | कामाख्या जं. | 03:40 | अलीगढ जं., टूंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूच बिहार, तूफानगंज, गोलकगंज जं., गौरीपुर, बिलासीपारा, अभयपुरी असम एवं गोवालपाड़ा जं. स्टेशन |
| 03414 | दिल्ली जं. | 13:35 | मालदा टाउन | 17:30 | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरोपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, हाथीदा जं., बड़हिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर, सुल्तानगंज, भागलपुर, कहलगांव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 02982 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 06:00 | सोगरिया | 13:10 | मथुरा जं., भरतपुर जं., बयाना जं., हिण्डौन सिटी, गंगापुर सिटी एवं सवाई माधोपुर स्टेशन |
| 01708 | आनन्द विहार (ट.) | 18:05 | जबलपुर जं. | 10:00 | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., शंकरगढ़, मानिकपुर जं., सतना, मैहर एवं कटनी स्टेशन |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. स्टेशन |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
805/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

चिंतन

# हिन्दी का विरोध करते-करते हद से आगे बढ़ गए स्टालिन

किसी भी चीज का विरोध अगर विरोध की सीमा तक ही रहे तो बेहतर होता है। अगर वो ईर्ष्या के स्तर तक चला जाए तो उसे कतई सही नहीं ठहराया जा सकता। ऐसा ही हाल तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक नेता एमके स्टालिन हिंदी विरोध का हो रहा है। वो हद से ज्यादा आगे बढ़ गए हैं। वे अब न केवल हिंदी के खिलाफ स्थानीय बोलियों को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं, बल्कि भाषा को छोड़कर देश विरोध तक उतर आए हैं। नई शिक्षा नीति और ट्राय लैंग्वेज पॉलिसी का विरोध करते-करते स्टालिन 2025-26 के बजट में '₹' का सिंबल 'ரூ' सिंबल से रिप्लेस कर दिया। यह तमिल लिपि का अक्षर 'रु' है। कहने की जरूरत नहीं है कि स्टालिन का यह कदम भड़काने वाला है। पहले से ही वो हिन्दी को लेकर तरह-तरह की गलतबयानी करते रहे हैं। उनका यह कहना कि भोजपुरी, अवधी, ब्रज, बुंदेली, गढ़वाली, कुमाऊंनी, मगही, मारवाड़ी, मालवी, छत्तीसगढ़ी, संथाली, अंगिका, हो, खरिया, खोरठा, कुरमाली समेत अनेक भाषाएं अस्तित्व के लिए हांफ रही हैं। प्राचीन मातृभाषाएं खत्म हो रही हैं, जबकि स्टालिन का यह आरोप निरर्थक है, क्योंकि हिंदी क्षेत्र की इन बोलियों-भाषाओं के सम्मिलित रूप को ही हिंदी कहा जाता है। इनसे प्राप्त जीवनशक्ति से हिंदी फलती-फूलती है। ठेठ हिंदी का ठाठ उसकी बोलियों के सौंदर्य से निर्मित होता है। हिंदी समाज एक साथ अपनी जनपदीय भाषा जैसे भोजपुरी, अवधी, ब्रज, बुंदेली, गढ़वाली, कुमाऊंनी, मगही भी बोलता है और हिंदी भी। लिखने-पढ़ने का अधिकांश कार्य वह हिंदी में जरूर करता है, इसीलिए राजभाषा अधिनियम के अनुसार उन्हें 'क' श्रेणी में रखा गया और दस राज्यों में बंटने के बावजूद उन्हें 'हिंदी भाषी' कहा गया। भोजपुरी, राजस्थानी, अवधी, ब्रज आदि हिंदी के अभिन्न अंग हैं। इन सबके बिना हिन्दी पूर्ण नहीं है और हिन्दी के सहयोग से ही स्थानीय भाषा फल-फूल रही हैं। जब देश में हिंदी की स्वीकार्यता बढ़ रही है, तब स्टालिन जैसे नेता देश को ही बांटने की कोशिश कर रहे हैं। दुनिया के तमाम देश भारत जैसे बड़े बाजार की हिंदी को अपने भविष्य का रास्ता मान रहे हैं। अनेक देश हैं जहां हिन्दी सीखने का चलन बढ़ा है। उन्हें लग रहा है कि हिन्दी को बेहतर तरह से जानकार ही भारत जैसे विशाल बाजार में कामयाबी हासिल की जा सकती है, लेकिन हमारे अपने ही हैं कि हिन्दी के नाम का विरोध करते-करते देश बांटने तक आ पहुंचे हैं। हिन्दी और गैरहिन्दी के बीच खाई खोदकर उसे और चौड़ा करने के प्रयासों में लगे हैं। इसके पहले उन्होंने संस्कृत का भी बेतुका विरोध किया था। अब नई शिक्षा नीति पर यह दुष्प्रचार भी कर रहे हैं कि त्रिभाषा फार्मूला दरअसल हिंदी थोपने की कोशिश है। क्या ऐसे बयान देकर स्टालिन भारतीय भाषाओं को आपस में लड़ाने और अंग्रेजी को आधिपत्य जमाए रखने का अवसर नहीं दे रहे हैं। अगर बात केवल हिन्दी तक ही होती तो चलो विरोध मान लेते, लेकिन अब तो उन्होंने भारतीय मुद्रा का सिंबल ही बदल दिया है। यह तो किसी राज्य, किसी भाषा नहीं बल्कि देश की धरोहर है। अगर स्टालिन के विरोध के स्वर को ध्यान से सुना जाए तो साफ हो जाता है कि वो केवल हिन्दी का विरोध नहीं कर रहे, बल्कि अपने वोट बैंक के लिए राष्ट्रभाषा के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। स्टालिन को लगता है कि वो हिन्दी का विरोध करके ईवी रामास्वामी नायक यानी पेरियार, सीएन अन्नादुरई और करुणानिधि जैसा नाम बन जाएंगे, क्योंकि ये सभी हिन्दी के विरोध से ही पनपे थे, लेकिन स्टालिन भूल रहे हैं कि देश बहुत आगे बढ़ चुका है। महज भाषा का विरोध करके सत्ता नहीं चलाई जा सकती। जनता को विकास चाहिए और इसके लिए वो किसी का भी तख्ता पलट सकती है।



विश्लेषण
अवधेश कुमार

# संभल में होली व जुम्मा विवाद क्यों?

संभल में होली और जुम्मे की नमाज देशव्यापी बहस और विवाद का विषय यूं ही नहीं बना हुआ है। निस्संदेह, भारत में 116 करोड़ से थोड़ा ज्यादा हिंदू और 22 करोड़ से ज्यादा मुसलमान हैं तो दोनों को मिलजुल कर ही रहना है। अनुज चौधरी का बयान इसी के संदर्भ में था। सच है कि उनके बयान की दो पंक्ति को निकाल कर हंगामा पैदा कर दिया गया और यही बताता है कि कुछ लोग किस तरह देश में सांप्रदायिक तनाव, हिंसा पैदा करना चाहते हैं। संभल के हिंदुओं से पूछिए कि क्या वे पिछले 50 वर्षों में होली जैसे त्योहार को भी खुलकर मना पाए हैं? अगर नहीं तो यह दूसरे समुदाय के लिए शर्म और सोचनीय विषय होना चाहिए।

संभल में होली और जुम्मे की नमाज देशव्यापी बहस और विवाद का विषय यूं ही नहीं बना हुआ है। हालांकि संभल के सीईओ अनुज चौधरी के वक्तव्य को आधार बनाकर कई पार्टियां, नेता और मीडिया का एक वर्ग आलोचना कर रहा है। सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने तो यहां तक कह दिया कि ऐसे लोग जब सरकार बदलेगी तो जेल में होंगे। मुस्लिम संगठनों सहित अनेक मुस्लिम नेताओं ने तो उनके खिलाफ ऐसा अभियान चला दिया है मानो वे संभल में शांति नहीं बल्कि अशांति का कारण बन चुके हों। क्या वाकई अनुज चौधरी ने ऐसा बयान दिया है, जिससे उनके विरुद्ध इस तरह का माहौल होना चाहिए? सामान्य तौर पर देखें तो होली और जुम्मे की नमाज एक ही दिन हो रही है तो निश्चित रूप से प्रशासन का दायित्व दोनों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने की है। कोई एकपक्षीय बयान देकर किसी समुदाय को नाराज करे तो उसके विरुद्ध आवाज उठनी चाहिए, किंतु क्या वाकई संभल का मामला ऐसा ही है? इससे जुड़े दोनों पक्षों को समझे बगैर हम कोई अंतिम निष्कर्ष नहीं दे सकते।

निस्संदेह, भारत में 116 करोड़ से थोड़ा ज्यादा हिंदू और 22 करोड़ से ज्यादा मुसलमान हैं तो दोनों को मिलजुल कर ही रहना है। दोनों की अपनी संस्कृतियां हैं तथा अलग-अलग उत्सव हैं। यह दोनों समुदायों की जिम्मेदारी है कि वे एक दूसरे की भावनाओं, संवेदनाओं का ध्यान रखते हुए तथा अपने उत्सवों के महत्व के अनुसार ऐसा आचरण करें। इसी तरह पुलिस प्रशासन का दायित्व हर हाल में शांति व्यवस्था बनाए रखने के पूर्वोपाय करना है। अगर कहीं समस्या पैदा हुई तो पुलिस प्रशासन के लिए उत्तर देना कठिन होता है। अनुज चौधरी का बयान इसी के संदर्भ में था। सच है कि उनके बयान की दो पंक्ति को निकाल कर हंगामा पैदा कर दिया गया और यही बताता है कि कुछ लोग किस तरह देश में सांप्रदायिक तनाव, हिंसा पैदा करना चाहते हैं। यह वर्ग प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार एवं केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के विरुद्ध माहौल बनाने के लिए झूठ का नैरेटिव चला रहा है। अनुज चौधरी के बयान को देखें तो उसमें यह पंक्ति है कि जुम्मे की नमाज वर्ष में 52 बार आती है, जबकि होली एक बार। इसी में वे यह भी कह रहे हैं कि जिन्हें होली से समस्या हो वे उस दिन बाहर न निकलें। अपने पूरे वक्तव्य में वे कह रहे हैं कि हिंदू समाज मुसलमानों की भावनाओं का ध्यान रखें और मुस्लिम समाज हिंदुओं की भावनाओं का। इसमें गड़बड़ी करने वालों को चेतावनी भी दे रहे हैं। वह कह रहे हैं कि जिस तरह ईद के दिन लोग सेवैयां खाते हैं, एक दूसरे से गले मिलते हैं ठीक उसी तरह होली का त्योहार भी है और इसको मुस्लिम भी उसी रूप में लें, थोड़ा बड़ा हृदय दिखाएं। उसी में वे कहते हैं कि जिन्हें बिल्कुल इससे समस्या हो वह बाहर न निकलें। इसमें ऐसी कोई बात नहीं है, जिसके आधार पर उनको जेल में डालने से लेकर और न जाने क्या-क्या कहा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीवी कार्यक्रम में यह कहते हुए उनका समर्थन किया है कि वह पहलवान है और पहलवान की तरह स्पष्ट बोलता है। उन्होंने भी लगभग



वही बातें बोलीं जो अनुज चौधरी ने कहा। इस तरह अनुज चौधरी का वक्तव्य योगी सरकार के विचारों की ही अभिव्यक्ति है। यह सच है कि इसके पहले भी होली और जुम्मे का नमाज एक दिन हुआ है, किंतु यह कहने वाले भूल रहे हैं कि जिन शहरों या क्षेत्रों में मुस्लिम आबादी है वहां कई बार यह शांतिपूर्ण संपन्न हुआ तो कई बार अशांति पैदा हुई, हिंसा हुई, दंगे भी हुए। आप दंगों के इतिहास का अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि इनमें से बड़ी संख्या में हिंदू उत्सवों या महत्वपूर्ण दिवसों के दिन या उनसे जुड़े हुए रहे। क्या हम पिछले वर्ष 24 नवंबर को संभल में हुई हिंसा भूल गए? आखिर न्यायालय के आदेश से सर्वेक्षण टीम वहां आई थी, कहीं हिंदुओं की भीड़ नहीं थी, कोई नारा नहीं था, अचानक हजारों लोग ईंट पत्थर लेकर कहां से निकल पड़े? जितनी भयानक पत्थरबाजी हुई, आगजनी गई और गोली तक चली उसका कोई एक कारण था तो यही कि संभल कट्टर मजहबी सांप्रदायिक उपद्रवी तत्वों का केंद्र बन चुका है। सीधे पुलिस से हिंसक मोर्चाबंदी लेने का दुस्साहस सामान्य लोग नहीं कर सकते। लोगों के मस्तिष्क को उस सीमा तक असामान्य बनाया जा चुका है या बन चुका है तो फिर उस स्थान के लिए पुलिस प्रशासन को भी सामान्य से अलग व्यवहार करना पड़ेगा। संभल में दंगों का भयानक इतिहास है। 1978 के दंगों के बाद बड़ी संख्या में हिंदुओं के पलायन हुए और यह 1995 तक जारी रहा। क्यों? करोड़ों की संपत्ति रखने वालों को भी वहां से भागने को भी विवश होना पड़ा। वहां से निकले परिवार जिन शहरों में हैं उनकी कथा सुनकर किसी का भी कलेजा मुंह को आ जाता है। 24 नवंबर, 2024 को हिंसा के बाद धीरे-धीरे पूरे संभल शहर में कब्जाए, जमीन में दबाई या विरक्त महत्वपूर्ण पूजास्थल, कूप, बावड़ी निकल रहे हैं। संभल धार्मिक पुस्तकों में एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल के रूप में विख्यात रहा है तथा कलयुग में भगवान कल्कि अवतार की भी भविष्यवाणी वही है। पिछले मोटा-मोटी 800 वर्षों से वह क्षेत्र इसी कारण इस्लामी हमले का शिकार रहा है। जामा मस्जिद विष्णु पुराण, भविष्य पुराण से लेकर अकबरनामा, बाबरनामा एवं अंग्रेजों के काल में किए गए सर्वेक्षण के अनुसार हरि मंदिर को ध्वस्त कर बनाया गया है। कल्पना कीजिए, उत्तर प्रदेश का एक छोटा शहर अगर हिंदू धर्म स्थलों को निगल जानेकी भूमिका निभा रहा हो तो वहां की सांप्रदायिक स्थिति क्या रही होगी?

भारत का दुर्भाग्य है कि यहां सेकुलरिज्म की गलत व्याख्या सोच और वोट बैंक की मानसिकता में इन्हें दुरुस्त करने के लिए खड़े होने वाले को खलनायक बनाया जा रहा है। जामा मस्जिद के पास एवं अन्य जगह पुलिस थाने या पोस्ट बनाने तक का विरोध करने वाले कौन लोग थे? कल्पना कीजिए, अगर प्रदेश और केंद्र में भाजपा सरकार नहीं होती तो जितनी बड़ी संख्या में कब्जे किए गए या विरक्त मंदिर, मिट्टी में दबाए गए कूप और बावरी मिले हैं वह संभव होता? आश्चर्य इस पर होना चाहिए कि कब्जा किए गए, कराए गए उन पवित्र स्थलों या निर्माण को न्याय पूर्ण तरीके से खाली करने की कार्रवाई देश में नेताओं, बुद्धिजीवियों व मीडिया के एक बड़े वर्ग की आलोचना का शिकार हो रहा है। यह इकोसिस्टम इतना बड़ा है कि इसका सामना करना कठिन होता है तथा यही वर्ग देश में नैरेटिव भी बनाता है। ऐसा नहीं होता तो अनुज चौधरी के वक्तव्य की सभी पक्षों द्वारा प्रशंसा होती तथा उसके अनुरूप व्यवहार की अपील की जाती। वहां के हिंदुओं से पूछिए कि क्या वे पिछले 50 वर्षों में होली जैसे त्योहार को भी खुलकर मना पाए हैं? अगर नहीं तो यह दूसरे समुदाय के लिए शर्म और सोचनीय विषय होना चाहिए या नहीं? संभल पुलिस प्रशासन न्याय और कानून की दृष्टि से अपनी शक्तियों का सदुपयोग कर रहा है। यही कारण है कि बाहर दुष्प्रचार व विरोध करते हुए भी इनमें से कोई न्यायालय तक जाने का साहस नहीं करता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



भारत के प्रसिद्ध गणेश मंदिर में से एक गणपतिपुले मंदिर महाराष्ट्र राज्य में रत्नागिरी की एक चोटी पर स्थित है। यहां गणेशजी की मूर्ति पूर्व की बजाय पश्चिम की ओर है जिस कारण फरवरी और नवंबर के महीनों में सूरज की रोशनी सीधे गणेश जी की मूर्ति पर पड़ती है। स्थानीय लोगों का यह भी मानना है कि भगवान गणेश की मूर्ति को किसी ने नहीं रखा है, बल्कि स्वयं प्रकट हुई थी।


## मन में निर्भयता लाती है मां दुर्गा की भक्ति साधना



संकलित
दर्शन

वैसे तो हिंदी वर्षानुसार वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत व ग्रीष्म- छह ऋतुएं होती हैं, लेकिन मुख्य रूप से दो ही प्रधान हैं- सर्दी व गर्मी। इन दोनों प्रधान ऋतुओं की संधि बेला को नवरात्रि की संज्ञा दी गई है। दिन और रात्रि के मिलन को संध्याकाल कहते हैं। इस महत्वपूर्ण समय को ईश्वर की आराधना, भजन, संध्या, वंदन व आध्यात्मिक साधना में लगाया जाना चाहिए, क्योंकि यह समय अत्याधिक लाभदायी और कम श्रम से अधिक फल देने वाला माना गया है। संध्या काल को पुण्य पर्व भी कहा गया है। आरोग्य शास्त्र के विद्वानों को विदित है कि आश्विन व चैत्र मास में जो सूक्ष्म परिवर्तन होता है, उसका प्रभाव शरीर पर कितनी अधिक मात्रा में पड़ता है। यह बदलाव स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव डालता है। अनेकानेक रोग, ज्वर, चेचक आदि मनुष्य पर हावी होने लगते हैं। वैद्य जानते हैं कि वमन, विरेचन, स्वेदन, वस्ति, रक्त मोक्षण आदि शरीर शोधन कार्यों के लिए आश्विन और चैत्र का महीना ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। ऐसे समय में ही साधना का महत्वपूर्ण पर्व आता है। हिंदू परंपरा के अनुसार, भारतीय पर्व और त्योहारों में नवरात्रि पर्व का अत्यधिक महत्व है। यह वर्ष में दो बार आता है। दुर्गावतरण की पावन कथा भी इसके साथ जुड़ी हुई है। देवत्व के संयोग से असुर निकंदिनी महाशक्ति के उद्भव का महत्व हर युग में रहा है। युग की भयावह समस्याओं से त्राण पाने के लिए युग शक्ति के उद्भव की कामना हर मन में उठती है।

## हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो



संकलित
प्रेरणा

एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है।आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आँखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है। वास्तव में प्रार्थना में बहुत शक्ति होती है। चाहे वो एक घंटे की हो या एक मिनट की। यदि सच्चे मन से की जाये, तो ईश्वर अवश्य सहायता करते हैं।

पर्व
सुरेश हिन्दुस्थानी



# होली के संदेश को समझें

भारत भूमि के संस्कार ऐसी अनमोल विरासत है, जो सदियों से एक परंपरा के रूप में प्रचलित है। जो समाज में ऐक्य भाव की स्थापना करने का मार्ग प्रशस्त करता है। वर्तमान में जहां परिवार टूट रहे हैं, वहीं समाज में अलगाव की भावना भी विकसित होती जा रही है। इस भाव को समाप्त करने के लिए हमारे त्योहार पथ प्रदर्शक बनकर आते हैं, लेकिन विसंगति यह है कि हम इन त्योहारों को भूलते जा रहे हैं। त्योहार की परिपाटी को हमने अपनी सुविधा के अनुसार बदल दिया है। ऐसे में यही कहा जा सकता है कि हम अपनी जड़ों से या तो कट चुके हैं या फिर कटने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। जो व्यक्ति या समाज अपनी जड़ों से कट जाता है निश्चित ही पतन की ओर ही जाता है। त्योहार हम सभी को जड़ों से जुड़े रहने का संदेश देते हैं। होली के त्योहार को पूरा देश मनाता है। इसका सांस्कृतिक आधार देखा जाए तो यह परस्पर मनमुटाव को समाप्त करने का एक माध्यम है। रंगों का पर्व होली सामंजस्य को बढ़ावा देता है। जिस प्रकार से होली के अवसर पर सभी रंग आपस में घुल मिल जाते हैं, उसी प्रकार व्यक्तियों के मिलने की भी कल्पना की गई है। होली पर दुश्मनों के भी भाव बदल जाते हैं, और सारे देश में दोस्ती का वातावरण निर्मित होता दिखाई देता है। वर्तमान में होली के बारे में हम कहते हैं कि पहले जैसी होली अब नहीं होती। यह सत्य है कि इसमें परिवर्तन आया है, लेकिन क्या हमने सोचा कि ऐसा परिवर्तन आने के पीछे कारण क्या हैं। वास्तव में इसके लिए हम ही दोषी हैं। पांच दिन के इस त्योहार की मस्ती को हमने समेट कर रख दिया है और मात्र एक या दो घंटे में पूरा त्योहार मना लिया जाता है। ऐसे में मात्र एक घंटे में होली का वह भाईचारे वाला स्वरूप कैसे दिखाई देगा। हम व्यक्ति केंद्रित होकर त्योहार मनाते हैं, जबकि भारतीय त्योहार का स्वरूप व्यक्ति केंद्रित न होकर समाज केंद्रित है। होली के त्योहार को इसी रूप में मनाएंगे तब ही हमें वही होली दिखेगी, जो वास्तविक है। वर्तमान में होली पर कई लोग दुश्मनी मिटाना तो दूर, दुश्मनी पालने की कवायद करते दिखाई देते हैं। पिछले कई वर्षों से होली पर लड़ाई झगड़े होते दिखाई देते हैं। इससे सवाल यह उठता है कि क्या हम होली को वास्तविक अर्थों में मनाने का मन बना पा रहे हैं। अगर नहीं तो तो हमें यह कहने का भी अधिकार भी नहीं है कि होली का स्वरूप पहले जैसा नहीं रहा। पौराणिक मान्यताओं के आधार पर होली के पावन पर्व का निष्कर्ष निकाला जाए तो यही परिलक्षित होता है कि जिसके मन में विकार होता है, उसे समाप्त करने का होली का त्योहार सबसे अच्छा अवसर है, अगर हमने अपने अंदर पैदा हुए विकार को समाप्त करने का प्रयास नहीं किया तो भगवान उस विकार को समाप्त करने का काम कर देंगे। हम जानते हैं कि भगवान नरसिंह ने राक्षस हिरणयकश्यप को इसलिए मार दिया कि उसके अंदर कई विकार समाहित हो गए थे। भक्त प्रहलाद ने कई बार चेताया भी, लेकिन उसने अपने अंदर के अहं को समाप्त नहीं किया। विकार को समाप्त करने का पर्व होली है। अगर होली पर हमने अपने अहं को नहीं छोड़ा तो फिर होली के मायने ही क्या है?

((लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## होली उत्सव



शिमला में गुरुवार को कॉलेज के छात्र होली मनाते हुए।

## आज की पाती

### असंगठित बल को संगठित करने की पहल

हमारे देश में संगठित क्षेत्र में औपचारिक रूप से पंजीकृत वो व्यवसाय आते हैं, जो श्रम कानूनों का पालन करते हैं, नौकरी की सुरक्षा और सामाजिक लाभ प्रदान करते हैं। जबकि असंगठित क्षेत्र में अनौपचारिक व्यवसाय शामिल हैं, जिनमें बहुत कम या कोई विनियमन नहीं है, अक्सर नौकरी की सुरक्षा, लाभ और कानूनी सुरक्षा का अभाव रहता है। असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 के अंतर्गत घरों में काम करने वाले श्रमिक, स्व-नियोजित श्रमिक या असंगठित क्षेत्र में मजदूरी करने वाले श्रमिक असंगठित क्षेत्र के दायरे में आते हैं। संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए कई अधिनियम लागू किए जा चुके हैं। *– मनोज वर्मा, दुर्ग*

## करंट अफेयर

### नासा की अध्ययन के लिए नई अंतरिक्ष दूरबीन प्रक्षेपित



नासा की नवीनतम अंतरिक्ष दूरबीन को प्रक्षेपित किया गया जो पूरे आकाश का अध्ययन करेगी। यह शुरुआत से लेकर अब तक करोड़ों आकाशगंगाओं और उनकी साझा ब्रह्मांडीय चमक (कॉस्मिक ग्लो) का व्यापक अध्ययन करेगी। स्पेसएक्स ने कैलिफोर्निया से स्फीरेक्स वेधशाला को प्रक्षेपित किया। सूर्य का अध्ययन करने के लिए सूटकेस के आकार के चार उपग्रह भी साथ में भेजे गए। कुल 48 .8 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्फीरेक्स मिशन का उद्देश्य यह पता लगाना है कि अरबों वर्षों में आकाशगंगाएं कैसे बनीं और विकसित हुईं तथा कैसे ब्रह्मांड का इतनी तेजी से विस्तार हुआ। स्फीरेक्स उन तारों के बीच बर्फीले बादलों में पानी और जीवन के अन्य तत्वों की खोज करेगा जहां नए सौर मंडल उभर रहे हैं। 'कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी' के मिशन के मुख्य वैज्ञानिक जेमी बॉक ने कहा कि ब्रह्मांडीय चमक ब्रह्मांड के इतिहास में अब तक जितना भी प्रकाश उत्सर्जित हुआ है, उसे अपने अंदर समेटे हुए है। उन्होंने कहा कि यह ब्रह्मांड को देखने का एक बहुत ही अलग तरीका है, जिससे वैज्ञानिकों को यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि अतीत में प्रकाश के कौन से स्रोत छूट गए थे।

## ऑफ बीट

### कसरत की थकान से उबरने में आइस बाथ है लोकप्रिय



पिछले कुछ साल में 'आइस बाथ'' का चलन तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर में खुद को स्वस्थ रखने वाले और व्यायाम करने वाले लोग इसे अपना रहे हैं, हालांकि पहले केवल एथलीट ही इसका उपयोग करते थे। 'आइस बाथ'' का मतलब बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़ों से भरे पानी में नहाना है। कसरत की थकान से उबरने के लिए 'आइस बाथ' आइस बाथ' लेने का मुख्य कारण मांसपेशियों में दर्द को कम करना और व्यायाम के बाद थकान से उबरना है। धावक, भारोत्तोलक और फुटबॉल खिलाड़ी सहित एथलीट आमतौर पर 'आइस बाथ' का उपयोग करते हैं। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 'आइस बाथ' लेने से कसरत के बाद होने वाली थकान को दूर किया जा सकता है। शोध से पता चला है कि गहन व्यायाम के तुरंत बाद 'आइस बाथ' लेने से अगले कुछ घंटे और दिनों में मांसपेशियों का दर्द कम हो सकता है। 'आइस बाथ' से मांसपेशियों की ताकत, मजबूती और लचीलेपन जैसी चीजों में मदद मिल सकती है। 'आइस बाथ' से व्यायाम के बाद होने वाली सूजन, मांसपेशियों की सूजन और मांसपेशियों की क्षति जैसी चीजों में सुधार हो सकता है। अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें लगातार कई दिन तक तीव्र व्यायाम करना पड़ता है तो आपके लिए 'आइस बाथ' एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

## ट्रेंड

### यूएन को अपडेट कर रहे



अपने कार्यकाल के पहले दिन से ही हमने संयुक्त राष्ट्र की कार्यप्रणाली की मजबूती के लिए महत्वाकांक्षी सुधार एजेंडा शुरू किया। पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए। हम 21वीं सदी के लिए संयुक्त राष्ट्र को अपडेट कर रहे हैं।
-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव

### बच्चों का भविष्य ख़तरे में




85 लाख बच्चों का भविष्य ख़तरे में-पेपर लीक युवाओं के लिए 'पद्मव्यूह' बन गया है। पेपर लीक मेहनती छात्रों से उनके परिश्रम का फल छीन लेता है। यह अगली पीढ़ी को गलत संदेश देता है कि बेईमानी, मेहनत से बेहतर हो सकती है, जो अस्वीकार्य है।
-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

### सरकार पटरी से उतर चुकी



आम इंसान की ज़िंदगी में मरना ही लिखा है। कभी ट्रेन के डिब्बे में, कभी ट्रेन की पटरी पर, कभी प्लेटफार्म के भगदड़ में तो कभी कुंभ के भगदड़ में, ट्रेन भी पटरी से उतर चुकी है और मोदी की सरकार भी।
-संजय सिंह, आप नेता

### सीखने के लिए काम करें



अमीर बनने के लिए सरल सुझाव- ऐसी संपत्ति अर्जित करें जो आय उत्पन्न करें। अपनी आय से कम खर्च करें। केवल आय पर नहीं, धन निर्माण पर ध्यान दें। वित्तीय बुद्धि बढ़ाएं। केवल पैसे के लिए नहीं, बल्कि सीखने के लिए काम करें।
-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


# सहरसा में दिखा वृंदावन जैसा नजारा, घूमर होली में मस्ती में दिखे हुरियारे

एजेंसी ▶▶ सहरसा/ नई दिल्ली

पूरे देश से अलग-अलग शहरों से होली के रंग में नहाए लोगों की तस्वीरें और वीडियो सामने आए बहैं,जिससे पूरा देश होली के रंग में रंगा नजर आ रहा है। बरसाने कि लट्ठमार होली कि तरह प्रसिद्ध है सहरसा के बनगांव की घूमर होली। हजारों लोग गांव के भगवती स्थान मे जमा होते हैं और नंग-धड़ंग हो घूम -घूमकर होली खेल रहे है। बताया जाता है कि द्वापर काल से इस गांव में खेली जा रही रूप को लोकदेवता संत लक्ष्मीनाथ ने विशिष्ट रूप दिया था। यह परंपरा अभी भी कायम है। वृंदावन की लट्ठमार होली काफी मशहूर है। होली से एक दिन पहले ही यहां हुरियारे रंगों में डूबे हैं।

## बीकानेर, कुल्लू या हो कोलकाता हर जगह रंगों की बरसात

पूरा देश होली के रंग में रंगा







### हम दिल्ली को विकास के रंग में रंगेंगे: तिवारी

दिल्ली में भाजपा सांसद मनोज तिवारी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ होली मनाई। उन्होंने कहा कि हमने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में सरकार बनाई है। हम दिल्ली के लोगों को विश्वास दिलाते हैं कि हम दिल्ली को विकास के रंग में रंगेंगे।

### होली सबके जीवन में बहुत सारी खुशियां लाए: दीया

राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि सभी को होली की बहुत शुभकामनाएं। होली सबके जीवन में बहुत सारी खुशियां लेकर आए। इस साल का हमारा बजट बहुत अच्छा था, बहुत समावेशी बजट था।हर वर्ग के लिए बहुत कुछ दिया गया है।

### संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ाते रहें: धामी

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पार्टी कार्यकर्ताओं संग होली खेली। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम अपनी संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ाते रहें और इस संस्कृति को हमें लगातार आगे बढ़ाते जाना है। विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने में उत्तराखंड भी अपना योगदान देगा।



### जैसलमेर में जवानों ने खेली होली

जैसलमेर के सेना के जवानों ने भी होली खेली। इस दौरान सभी आपस में बड़ी खुशी से नाचते-गाते नजर आए। बीकानेर के करणी माता मंदिर में बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालुओं ने जमकर होली खेली। यह मंदिर चूहों के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। अमृतसर के इस्कॉन टेंपल में होली का रंग चढ़ा दिखा। यहां लोग खुशी से नाचते-गाते नजर आए।



हैदराबाद में गाइडलाइन

### बिना पूछे रंग डाला तो होगा सख्त एक्शन

हैदराबाद पुलिस ने शहर में त्योहार मनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। गाइडलाइन के मुताबिक बगैर सहमति से किसी भी शख्स पर रंग डालना या पानी फेंकना पूरी तरह से वर्जित किया गया है। यह आदेश 13 मार्च से 15 मार्च को सुबह 6 बजे तक प्रभावी रहेगा।

**शांतिनिकेतन के सोनाझुरी हाट में होली पर प्रतिबंध वापस लिया :** बीरभूम। बंगाल सरकार द्वारा शांतिनिकेतन के बीरभूम जिले के सोनाझुरी हाट में होली समारोह पर प्रतिबंध लगाने की खबरों के बाद मंत्री बीरबाहा हांसदा ने स्पष्ट किया कोई प्रतिबंध नहीं है।



### रंग भी पड़ जाए तो लड़ें नहीं: आजमी

निलंबित सपा विधायक अबू आजमी ने होली और रमजान पर लोगों से बड़ी अपील की है। आजमी ने कहा अगर रंग भी पड़ जाए तो वे किसी से लड़ें नहीं।

## खबर संक्षेप

### कार-ट्रक की भिड़ंत परिवार के 6 की मौत

**महासमुंद।** राष्ट्रीय राजमार्ग- 353 पर भीषण सड़क हादसे में कार सवार एक ही परिवार के 6लोगों की मौत हो गई। कार और ट्रक की टक्कर में राजस्व विभाग में पदस्थ आरआई ताहर सिंह ठाकुर सहित उनके पूरे परिवार की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा दोपहर 3:48 बजे ओंकारबंद के पास हुआ। हकार के परखच्चे उड़ गए। शवों को निकालने प्रशासन को मशक्कत करनी पड़ी।



### विष्णु कैबिनेट में 3 नए मंत्री शामिल

**रायपुर।** विधानसभा चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी और विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाया गया। उस वक्त मुख्यमंत्री समेत 12 मंत्री थे। एक पद खाली रखा गया था।सभी जिलों को प्रतिनिधित्व और जातीय समीकरण के आधार पर तीन विधायकों को इस पद पर नियुक्त किए जाने की सिफारिश की गई है। पहली बार 14 मंत्री बनाए गए हैं।



### कोई दुर्भावनापूर्ण नहीं था खेर पर केस खारिज

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट से सिंगर कैलाश खेर को राहत दी है। कोर्ट ने उनके खिलाफ उनके गीत ' बाबम बाम' के जरिए कथित तौर पर धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में केस खारिज कर दिया है। जस्टिस भारती डांगरे और श्याम सी चांडक की पीठ ने लोकतांत्रिक समाज में सहिष्णुता के महत्व को रेखांकित कर असहिष्णुता को अभिशाप बताया।




### ट्रैक पर गए परिवार के 3 सदस्यों की मौत

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के रामपुर में घरेलू कलह में खुशकुशी के इरादे से ट्रैक पर गए परिवार के 3सदस्यों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। 9 साल का बच्चा बुरी तरह जख्मी हो गया। इसके साथ परिवार को बचाने पहुंचा की-मैन भी गंभीर घायल हो गया। जीआरपी ने शव के टुकड़ों को उठाया और पोस्टमार्टम भेजा।



### टीएस को मिली पीसीसी की कमान, बैज हटे

**रायपुर।** विधानसभा, लोकसभा और नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद अंततः एआईसीसी ने छग कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की छुट्टी कर दी। पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को इसकी कमान सौंप दी है। पूर्व मुख्यमंत्री और एआईसीसी महासचिव भूपेश बघेल उन्हें बधाई देने पहुंचे।



## पंचकूला के कोट बिल्ला शहरी परिसर में पायलट प्रोजेक्ट में होगा विकास

# कांग्रेस सरकार में एचएसवीपी की नींव खोखली करने का काम किया गया: नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नागरिकों को बेहतर रिहायशी वातावरण देने के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा पहले चरण में पंचकूला के कोट बिल्ला शहरी परिसर में सेक्टर-14-16, 22 और पिंजौर-कालका में सेक्टर-23 को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान राज्यपाल अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब दे रहे थे। सैनी ने कहा कि विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि विपक्ष को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की याद आई है।

यह वही प्राधिकरण है, जिसकी नींव खोखली करने का काम कांग्रेस सरकार में किया गया था। उस समय किसानों को जमीन अधिग्रहण का डर दिखाकर उन्हें अपनी जमीन कोड़ियों के भाव बेचने के लिए मजबूर किया। यह वह जमीन थी, जिस पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर बनने थे। इससे प्राधिकरण का काम बंद हो गया और यह घाटे में आ गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को घाटे से उबारने का काम किया है। अब यह शहरी संपदाओं में 41 सेक्टरों में भूमि अधिग्रहण कर रहा है। यह भूमि अधिग्रहण ई-भूमि पोर्टल अथवा लैंड पूलिंग नीति के माध्यम से किया जाएगा।



### कांग्रेस शासनकाल में कॉलोनियां विकसित करने का कोई रोडमैप नहीं था: सीएम

नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में कॉलोनियां विकसित करने का कोई रोडमैप नहीं था, कोई भी व्यक्ति कहीं पर भी कॉलोनी काट देता था, जिससे अवैध कॉलोनियां लगातार विकसित होती चली गई। वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में अवैध कॉलोनियों पर पूर्ण नियंत्रण रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने उन कॉलोनियों को भी नियमित किया है, जो पहले की सरकार में विकसित हुई थी। कांग्रेस के 10 साल के शासनकाल में 874 कॉलोनियों को नियमित किया गया था और हजारों कॉलोनियां फैलाकर चले गए। वर्तमान राज्य सरकार ने उन 2,147 कॉलोनियों को नियमित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार नियमित आधार पर अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अपेक्षित कार्रवाई कर रही है। इसमें अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त करना और उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करना शामिल है। जनवरी, 2015 से अब तक ऐसी 6,904 कॉलोनियों की पहचान की गई है। अभी तक इनमें से 26,650 एकड़ भूमि वाली 3,937 कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया गया है। इसके अलावा, 1,879 उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है।

### एमएसपी खरीद के लिए किसानों के खातों में 1.25 लाख करोड़ रुपए दिए गए: नायब

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि किसान हित सरकार की नीतियों के केन्द्र में है। सरकार किसानों की सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद कर रही है। वर्ष 2021-22 से लेकर अब तक सरकार द्वारा एमएसपी पर खरीद किये गये खाद्यान्नों की 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये की राशि किसानों के बैंक खातों में सीधे डाली जा चुकी है। मुख्यमंत्री गुरुवार को हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान राज्यपाल अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

सैनी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के नेता एमएसपी के नाम पर किसानों को झूठ बोलकर बरगलाने का काम कर रहा है। जबकि वर्ष 2014 में कांग्रेस के शासनकाल में 30 लाख 7 हजार मीट्रिक टन धान की खरीद की गई थी। जबकि, वर्ष 2024-25 में 53.99 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। इससे स्पष्ट है कि हम लगभग दो गुणा अधिक धान की सरकारी खरीद कर रहे हैं। वर्ष 2014 में कॉमन धान का एम.एस.पी 1,310 रुपये प्रति क्विंटल था, जो अब ग्रेड-ए का 2,320 रुपये प्रति क्विंटल और कॉमन धान का 2,300 रुपये प्रति क्विंटल है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों के हित में तकनीकी सुधार करके समय और भ्रष्टाचार को कम किया है। यदि कहीं ज्यादा बिल काट कर कम पैसे दिये जाने की शिकायत है, तो सरकार को बताएं, हम कड़ी कार्रवाई करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल बिजाई सीजन में सरकार द्वारा यूरिया की पूरी व्यवस्था की जाती है। रबी सीजन 2024-25 के लिए राज्य में 14 लाख 26 हजार मीट्रिक टन यूरिया खाद उपलब्ध कराया गया है, जिसमें से अभी तक 12 लाख 23 हजार मीट्रिक टन की खपत हो चुकी है। पिछले रबी सीजन के दौरान यूरिया की बिक्री 11 लाख 6 हजार मीट्रिक टन थी। वर्तमान में, राज्य में 2 लाख 2 हजार मीट्रिक टन यूरिया अभी भी उपलब्ध है। आगामी सीजन में भी किसानों को यूरिया व डीएपी खाद की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा कि आज जब किसान, मजदूर ने कांग्रेस को नकार दिया है, तो कांग्रेस के नेताओं को किसानों के हित याद आ रहे हैं। देश में कांग्रेस की सत्ता साढ़े 5 दशकों तक रही है। अगर इस पार्टी ने किसान हित की सोची होती, मजदूर हित की सोची होती, तो आज इन्हें ये दिन देखने न पड़ते।

## शाह ने गांधीनगर को दी सौगात

# 146 करोड़ के विकास का किया उद्घाटन-शिलान्यास



### साणंद में 500 बिस्तरों वाले अस्पताल और गांधीनगर में सिविल अस्पताल की घोषणा की

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को अपने लोकसभा क्षेत्र गुजरात के गांधीनगर में 146 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन और शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं रेलवे, सड़क मार्ग और स्वास्थ्य सेवा से संबंधित हैं। अमित शाह ने गुजरात में परिवर्तनकारी विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य ने परिवहन और ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने साणंद में पांच सौ बिस्तरों वाले अस्पताल और गांधीनगर में एक नया सिविल अस्पताल स्थापित करने की भी घोषणा की।

### ट्रैफिक और यूनिटी का विस्तार

इस दौरान उन्होंने कहा गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में यातायात और कनेक्टिविटी का निरंतर विस्तार हो रहा है। आज वर्चुअल माध्यम से गांधीनगर में इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।रेलवे ओवरब्रिज, ग्रेड सेपरेटर, पुल, फ्लाईओवर व सड़कों के निर्माण सम्बन्धी इन कार्यों से क्षेत्रवासियों का जीवन अधिक सुगम होगा और कनेक्टिविटी आसान होगी।

### देशवासियों को दी होली की शुभकामनाएं

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने अपने संबोधन की शुरुआत देशवासियों को होली के पावन त्योहार की शुभकामनाएं देकर की। उन्होंने कहा कि गुरुवार को 3 परियोजनाओं का ई-लोकार्पण और ई-शिलान्यास हो रहा है। इनमें 60 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला साणंद-चेखला-कडी रोड पर अहमदाबाद-विरमगाम रेलवे ट्रैक पर लगभग 1 किलो मीटर लंबे रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण शामिल है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि इस ओवरब्रिज के बनने के बाद स्थानीय नागरिकों को आवागमन में बहुत सुविधा हो जाएगी।

## जॉब प्लेटफॉर्म इनडीड की रिपोर्ट

# 78%'नियोक्ता' ब्लू-कॉलर जॉब्स में महिलाओं को देंगे तरजीह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में लगभग 78 प्रतिशत एम्प्लॉयर ब्लू-कॉलर रोल्स के लिए अधिक महिलाओं को नियुक्त करने की योजना बना रहे हैं, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 73 प्रतिशत थी। गुरुवार को जारीकी गई जॉब प्लेटफॉर्म इनडीड की रिपोर्ट के अनुसार देश में ब्लू-कॉलर जॉब्स में 20 प्रतिशत महिलाएं हैं। रिटेल और हेल्थकेयर में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 32 प्रतिशत है, जो कि सबसे ज्यादा है। बैंकिंग,फाइनेंशियल सर्विसेज और



इंश्योरेंस, इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी और टेलीकम्युनिकेशन में महिलाओं की संख्या 10 फीसदी से भी कम है। महिलाओं द्वारा अधिक ब्लू-कॉलर नौकरियों की तलाश करने का एक प्रमुख कारण फाइनेंशियल स्वतंत्रता है।

## रंग यात्रा में श्रद्धालुओं का तांता



आगरा। गुरुवार को मनकामेश्वर महादेव मंदिर से निकाली गई 'रंग यात्रा' में भक्त का तांता लग गया।

# हरियाणा को सिर्फ मोदी पर विश्वास नगर निकाय जीत पर बोले अमित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नगर निकाय चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हरियाणा की जनता का आभार जताया है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लिखा है कि हरियाणा को सिर्फ मोदी जी पर विश्वास है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा में प्रचंड जीत के बाद नगर निगम और नगर निकाय चुनावों में भी भाजपा को अपना आशीर्वाद देने के लिए हरियाणा की जनता का बहुत-बहुत आभार। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा, वार्ड से लेकर विधानसभा और पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक लोगों की पहली पसंद बन चुकी है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस ऐतहासिक जीत के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली और सभी कार्यकर्ताओं को भी बधाई दी है। शाह ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा सफलता की ऊंचाइयों को छू रहा है। हरियाणा विकसित हरियाणा बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हरियाणा की जनता ने प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के मिशन को साकार करने में अपना भरपूर आशीर्वाद दिया है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के किसान, जवान और पहलवान भारत और हरियाणा का नाम विश्वभर में रोशन कर रहे हैं। हरियाणा में लगातार हो रही भाजपा की जीत पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हरियाणा की जनता का आभार जताने के साथ-साथ पावन पर्व होली की भी शुभकामनाएं दी है।

## तिवारी ने कहा कुछ साल में देश में तेल आयात का बढ़ना दुर्भाग्यपूर्ण

# दुबे ने झारखंड के संथाल परगना में 'बांग्लादेशी घुसपैठियों' का मुद्दा उठाया

### लोकसभा में शून्यकाल के दौरान द्रमुक सांसद ने परिसीमन का मसला उठाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में 'बांग्लादेशी घुसपैठियों' की संख्या में बढ़ोतरी का मुद्दा बुधवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान उठाया और कहा कि अगला परिसीमन इन्हें अलग करके होना चाहिए क्योंकि इनके कारण आदिवासियों की सीटें जा रही हैं।

द्रमुक के सांसद एम काथिर आनंद ने बुधवार को लोकसभा में परिसीमन से जुड़ा मुद्दा उठाया और केंद्र सरकार से आग्रह किया कि सिर्फ जनसंख्या के आधार पर यह नहीं होना चाहिए तथा तमिलनाडु जैसे प्रगतिशील राज्यों की भावना का सम्मान किया जाना चाहिए।

लोकसभा में कांग्रेस सदस्य केसी वेणुगोपाल और भाजपा सदस्य अनुराग ठाकुर ने देश में मादक पदार्थों की बढ़ती समस्या को उजागर करते हुए इस संकट से निपटने के लिए सभी के मिलकर लड़ने की जरूरत बताई। शून्यकाल में वेणुगोपाल ने देश में, खासकर अपने गृह राज्य केरल में मादक पदार्थों की समस्या का मुद्दा



उठाया और कहा कि इसे लेकर सरकार तथा सभी संबंधित पक्षों को मिलकर काम करना होगा।

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में कहा कि पिछले कुछ साल में देश में तेल आयात का बढ़ना दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है और सरकार बताए कि वह पिछले दस साल से तेल और प्राकृतिक गैस के आयात को कम करने की दिशा में क्या प्रयास कर रही है।

केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को देश में 100 गीगावाट सौर ऊर्जा सहित 222 गीगावाट अक्षय ऊर्जा उत्पादन का उल्लेख करते हुए विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को जरूर प्राप्त किया जाएगा। संसद ने बुधवार को खनिज तेल उत्खनन के लिए 'सिंगल परमिट' प्रणाली लाने और समग्र ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लक्ष्य वाले विधेयक को मंजूरी प्रदान की।

लोकसभा में विधेयक पर चर्चा और फिर केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के जवाब के बाद सदन ने 'तेलक्षेत्र (विनियमन तथा विकास) संशोधन विधेयक, 2024' को ध्वनिमत से मंजूरी दी।

## जादवपुर विश्वविद्यालय में हंगामा

# तोड़फोड़ मामले में डीएसएफ से जुड़ा छात्र सौम्यदीप अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

जादवपुर विश्वविद्यालय परिसर में 1 मार्च को हुई अशांति और तोड़फोड़ के सिलसिले में एक छात्र को गिरफ्तार किया है, जिससे इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या 2हो गई है। जेयू एसएफआई इकाई के एक नेता ने बताया कि दर्शनशास्त्र के छात्र सौम्यदीप महाता को टीएमसी के पश्चिम बंगाल कॉलेज और विश्वविद्यालय प्रोफेसर संघ की एजीएम के दौरान हुई हिंसा के संबंध




में अपना बयान दर्ज करने के लिए जादवपुर पुलिस थाने बुलाया गया था, जहां बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु भी मौजूद थे। छात्रों के एक समूह ने बसु की कार के चारों ओर मानव श्रृंखला बना ली और उन्हें जाने से रोकने की कोशिश की थी।

## नौकरी खोजने की सुविधा देने वाला मंच 'इनडीड' ने जारी की रिपोर्ट

# शारीरिक श्रम वाली नौकरियों में महिलाओं की भागीदारी केवल 20 प्रतिशतः रिपोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नौकरी खोजने की सुविधा देने वाला मंच 'इनडीड' ने एक सर्वेक्षण में यह कहा है। यह सर्वेक्षण बड़े और मझोले शहरों (टियर एक और टियर दो) में 14 उद्योगों के 4,000 से अधिक नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच किया गया है। इससे पता चलता है कि 2024 में 73 प्रतिशत नियोक्ताओं ने 'ब्लू-कॉलर' यानी शारीरिक श्रम से जुड़ी भूमिकाओं के लिए महिलाओं को काम पर रखा।

### दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी में महिलाएं कम

जबकि देश भर में महिलाओं की भागीदारी 20 प्रतिशत पर स्थिर रही। खुदरा, स्वास्थ्य और औषधि, निर्माण और रियल एस्टेट, यात्रा तथा होटल जैसे उद्योग औसतन 30 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी के साथ अग्रणी हैं। वहीं दूरसंचार, बीएफएसआई (बैंक, वित्तीय सेवाएं और बीमा) और सूचना प्रौद्योगिकी/सूचना प्रौद्योगिकी संबंधित क्षेत्रों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 10 प्रतिशत से कम प्रतिनिधित्व है।

### महिलाएं वित्तीय स्वतंत्रता के लिए तलाश रही नौकरियां

रिपोर्ट में कहा गया, "हालांकि, अधिक महिलाएं मुख्य रूप से वित्तीय स्वतंत्रता के लिए 'ब्लू-कॉलर' नौकरियों की तलाश कर रही हैं, लेकिन कार्यस्थल की वास्तविकताएं कठोर बनी हुई हैं।" सर्वेक्षण में शामिल आधी से अधिक महिलाओं ने काम के लचीले घंटे की कमी को एक बाधा बताया।

*देश में कारखानों, खुदरा, निर्माण जैसे क्षेत्रों में शारीरिक श्रम से जुड़े काम कर रहे लोगों में महिलाओं की भागीदारी महज 20 प्रतिशत है। इन्हें वेतन विसंगतियों से लेकर स्वच्छता की कमी जैसे कार्यस्थल से जुड़ी कठिन चुनौतियों का सामना भी करना पड़ता है।*





### कंपनियां और महिला कर्मियों को नियुक्त कर रही

इनडीड इंडिया के बिक्री प्रमुख शशि कुमार ने कहा, "हालांकि, कंपनियां अधिक महिलाओं को नियुक्त करने का प्रयास कर रही हैं, लेकिन सच्ची प्रगति उन्हें जोड़े रखने की रणनीति, करियर विकास के अवसरों और नीतियों पर निर्भर करती है। इसमें वित्तीय सुरक्षा, काम के घंटे में लचीलापन और स्वास्थ्य सेवाएं शामिल हैं।

- कार्यस्थल से जुड़ी कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है
- 14 उद्योगों के चार हजार से अधिक कर्मचारियों पर किया गया सर्वे
- महिलाएं कल कारखाने, खुदरा और निर्माण जैसे क्षेत्रों से जुड़ी है

### हुनरमंद और प्रतिभा की कमी

हालांकि, नियोक्ताओं का मानना है कि हुनरमंद और उपयुक्त प्रतिभा की कमी और नौकरी छोडने की ऊंची दर प्रमुख बाधाएं हैं। स्वास्थ्य सेवा की बढ़ती लागत भी एक चुनौती है। जबकि महिलाएं बीमा और वेतन सहित चिकित्सा अवकाश को कार्यस्थल की महत्वपूर्ण अपेक्षाओं के रूप में देखती हैं।

### करियर में उन्नति के कम अवसर

इसके अलावा, इन महिलाओं को करियर में उन्नति और पदोन्नति के कम अवसरों का भी सामना करना पड़ता है। सर्वेक्षण में शामिल हर दूसरी महिला ने कौशल बढ़ाने में रुचि दिखाई, लेकिन सही प्रशिक्षण तक पहुंच एक चुनौती बनी हुई है। इन चुनौतियों के बावजूद, 78 प्रतिशत नियोक्ता 2025 में अधिक महिलाओं को नियुक्त करने की योजना बना रहे हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में पांच प्रतिशत की वृद्धि है।

### महिलाओं की भागीदार जरूरी

शशिक कुमार ने कहा, 'नियोक्ताओं को शारीरिक श्रम से जुड़े क्षेत्रों में महिलाओं के लिए कौशल, सही परामर्श और नेतृत्व विकास में निवेश करना चाहिए। आज महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल विविधता की बात नहीं है, बल्कि यह एक आर्थिक आवश्यकता भी है।'

## स्वेलेक्ट एनर्जी को 150 मेगावाट के सौर मॉड्यूल का ऑर्डर मिला

**नई दिल्ली।** सौर ऊर्जा समाधान प्रदाता स्वेलेक्ट एनर्जी सिस्टम्स को 150 मेगावाट से अधिक सौर मॉड्यूल का ऑर्डर मिला है। कंपनी ने बुधवार को बताया कि उसने अपने विस्तार के लिए गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) के माध्यम से 290 करोड़ रुपये भी जुटाए हैं। स्वेलेक्ट एनर्जी ने बयान में कहा कि उसने अपने उच्च दक्षता वाले टॉपकॉन द्वि-मुखीय सौर पीवी मॉड्यूल के लिए 150 मेगावाट से अधिक के ऑर्डर प्राप्त किए हैं। ये ऑर्डर स्वेलेक्ट के प्रौद्योगिकी नेतृत्व और सौर ऊर्जा बाजार में इसके भरोसे को रेखांकित करते हैं। इसमें कहा गया है कि स्वेलेक्ट ग्रुप ने निजी नियोजन के आधार पर जारी गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के जरिए इंडिया इंफ्राडेट लिमिटेड से 290 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सौर ऊर्जा उत्पादन परिसंपत्तियों के एक हिस्से के विरुद्ध सुरक्षित इस रणनीतिक कदम से 260 करोड़ रुपये की नकदी संपार्श्विक राशि प्राप्त हुई है। स्वेलेक्ट एनर्जी सिस्टम्स के प्रबंध निदेशक आर चेल्लप्पन ने कहा, उद्योग से 150 मेगावाट से अधिक टॉपकॉन मॉड्यूल ऑर्डर प्राप्त करना गुणवत्ता और नवाचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का समर्थन है। हमारी 100 प्रतिशत परीक्षण सफलता उच्चतम गुणवत्ता वाले सौर समाधान प्रदान करने के हमारे संकल्प को और मजबूत करती है।

### विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना में 73 आवेदन मिले

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने कहा कि सरकार को विशेष इस्पात के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के दूसरे दौर के तहत 73 आवेदन प्राप्त हुए हैं। पौंड्रिक ने राष्ट्रीय राजधानी में 'भारतीय इस्पात क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को गति'' कार्यक्रम के दौरान अलग से बातचीत में कहा कि भारत में विशेष इस्पात के उत्पादन को बढ़ाने के सरकार के प्रयासों के तहत पीएलआई योजनाएं शुरू की गई हैं, ताकि देश को उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात में आत्मनिर्भर बनाया जा सके। पौंड्रिक ने कहा, "हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि देश में घटिया इस्पात का आयात न हो। इसलिए हम गुणवत्ता नियंत्रण आदेश पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, ताकि घरेलू और आयातित दोनों प्रकार के इस्पात पर्याप्त गुणवत्ता के हों...। सचिव ने कहा, "हमने हाल ही में पीएलआई का दूसरा दौर किया और हमें इसमें बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। हमें 73 आवेदन मिले हैं और इससे देश में विशेष इस्पात उत्पादन क्षमता में लगभग 1.65 करोड़ टन की वृद्धि होगी।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **चांद पुत्र निसामुद्दीन निवासी के-758, राजीव नगर, दुर्गा चौक, भलस्वा डेयरी, दिल्ली** ने केस एफआईआर सं. **17/2021, अंतर्गत धारा 379/34 आईपीसी, थाना मौर्या एन्क्लेव, उत्तर-पश्चिम जिला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **चांद** मिल नहीं रहा(रही) है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **चांद** फरार हो गया(गई) है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा(रही) है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर सं. **17/2021, अंतर्गत धारा 379/34 आईपीसी, थाना मौर्या एन्क्लेव, उत्तर-पश्चिम जिला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **चांद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.04.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री वसुंधरा छौंकर**
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (उ-पू)
कमरा नं. 108, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/3159/NW/2025**
**(Court Matter)**


## सोना 600 रुपये चढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर, चांदी भी 1,000 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली(भाषा)।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 600 रुपये की तेजी के साथ 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर जा पहुंची। स्थानीय कारोबारियों ने यह जानकारी दी है।

बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 88,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 600 रुपये बढ़कर 89,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चस्तर पर फिर से जा पहुंचा। पहले यह 88,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 20 फरवरी को, 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 50 रुपये बढ़कर 89,450 रुपये और 89,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चस्तर पर पहुंच गई।चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये की तेजी के साथ करीब पांच माह के उच्च स्तर 1,01,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,00,200 रुपये प्रति किलोग्राम बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस), सौमिल गांधी ने कहा, "सुरक्षित-निवेश के लिए मांग तथा उम्मीद से कहीं नरम अमेरिकी उपभोक्ता मुद्रास्फीति आंकड़ों (जिससे इस वर्ष फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नरमी बरतने का मामला बनता है) के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की हाजिर कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई तक मजबूत हो गयी तथा घरेलू बाजार में यह एक नए रिकॉर्ड पर पहुंच गईं।

### पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन को कर्ज जुटाने की मिली मंजूरी

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल ने 2025-26 के लिए 1,40,000 करोड़ रुपये का कर्ज जुटाने की योजना को मंजूरी दे दी है।


**चिकित्सा**

**बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं**

**दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।**

**हमराज़ क्लीनिक**
11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## सेंसेक्स में लगातार पांचवें दिन भी गिरावट

**मुंबई (भाषा)।** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 201 अंक लुढ़क गया। रियल्टी, आईटी तथा वाहन शेयरों में बिकवाली के कारण सेंसेक्स में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती बढ़त को बरकरार नहीं रख पाया और 200.85 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,828.91 अंक पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 73.30 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,397.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 93.15 अंक तक टूट गया था। सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से जोमैटो, टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी इंडिया, अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट और इन्फोसिस प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

### टीसीएस की झोली में आई एक और कंपनी

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने एक बड़ी डील की है। कंपनी ने 11 मार्च को 2250 करोड़ रुपए में दर्शिता सदर्न इंडिया हैप्पी होम्स के 100 प्रतिशत इक्विटी शेयरों के अधिग्रहण की घोषणा की। स्टॉक फाइलिंग में कहा गया है कि टाटा समूह की फर्म कॉमर्शियल रियल एस्टेट फर्म की भूमि और भवन का भी अधिग्रहण करेगी, जो डिलीवरी सेंटर बन जाएगा। एक सूत्र ने स्पष्ट किया कि डिलीवरी सेंटर बेंगलुरु में स्थित होगा। इस डील में दो साल बाद इकाई में 100 प्रतिशत इक्विटी शेयर हासिल करने का कॉल ऑप्शन है। बता दें कि सितंबर 2004 में वजूद में आई दर्शिता साउथर्न इंडिया हैप्पी होम्स एक कॉमर्शियल संपत्ति के डेवलपमेंट में लगी हुई है। कंपनी के मुताबिक राजस्व सृजन अभी शुरू नहीं हुआ है, इसलिए पिछले 3 वर्षों का कारोबार शून्य है। हाल ही में टीसीएस ने यूरोप के दूसरे सबसे बड़े टेलीकॉम टावर ऑपरेटर वैंटेज टावर्स के साथ साझेदारी की है। यह साझेदारी 86,000 साइटों के नेटवर्क को कवर करते हुए एक डिजिटल सर्विस प्लेटफॉर्म लांच करने के लिए की गई है।

## सैटेलाइट फोन दूरदराज के इलाकों में भी ले जा सकेंगे : मित्तल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- उपग्रह से 4जी, 5जी, 6जी जैसी संचार प्रौद्योगिकी जुड़ जाएगी

उद्योगपति एलन मस्क की स्पेसएक्स के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने के अगले दिन भारती समूह के संस्थापक सुनील मित्तल ने बुधवार को कहा कि उपग्रह (सैटेलाइट) से 4जी, 5जी, 6जी जैसी संचार प्रौद्योगिकियों का मिश्रण जुड़ जाएंगे। मित्तल ने कहा कि इससे ग्राहक अपने मोबाइल फोन दुनिया के सबसे दूरदराज के हिस्सों में, यहां तक कि आसमान और समुद्र में भी ले जा सकेंगे।दोनों भारतीय दूरसंचार प्रतिद्वंद्वियों, भारती एयरटेल और जियो ने भारत में अपने ग्राहकों को स्टारलिंक की उच्च गति की इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए स्पेसएक्स के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **संजय कुमार सिंह पुत्रः अंबिका सिंह, पताः** मकान नं. ए–304, श्याम कॉलोनी, गली नं. 17, फेज–II, बुद्ध विहार, विजय विहार, दिल्ली, **FIR No. 379/2018, U/s 436 IPC,** थानाः सुभाष प्लेस, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय कुमार सिंह** मिल नहीं रहें है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय कुमार सिंह** फरार हो गये हैंया उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहो हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 379/2018, U/s 436 IPC,** थानाः सुभाष प्लेस, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **संजय कुमार सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वसुन्धरा छौंकर
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, उत्तरी–पश्चिम
कमरा नं. 108, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/2726/NW/2025**
**(Court Matter)**


## रुपया 22 पैसे की बढ़त के साथ 87 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** मजबूत वृहद आर्थिक आंकड़ों और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बाद बृहस्पतिवार को रुपया 22 पैसे बढ़कर 87 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा, अमेरिकी डॉलर सूचकांक में हाल की कमजोरी ने भी स्थानीय मुद्रा को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि हालांकि, घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और विदेशी पूंजी के निरंतर बहिर्गमन ने तीव्र बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.13 पर खुला और डॉलर के मुकाबले दिन के उच्चस्तर 86.96 तक चला गया। रुपये ने 87.15 के निचले स्तर को भी छुआ और कारोबार के अंत में यह 87 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह पिछले बंद स्तर से 22 पैसे की बढ़त है। बुधवार को पिछले सत्र में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक पैसे की गिरावट के साथ 87.22 पर बंद हुआ था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि बेहतर वृहद आर्थिक आंकड़ों और कमजोर अमेरिकी डॉलर के कारण रुपये में सुधार हुआ।

## राशिफल

**मेष** – रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** – कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** – परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** – भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** – कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** – तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

## शाओमी स्मार्टफोन पर फोनपे का इंडस ऐपस्टोर रहेगा इंस्टॉल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्तीय समाधान मंच फोनपे के ऐप मार्केटप्लेस इंडस ऐपस्टोर ने बृहस्पतिवार को उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माता शाओमी इंडिया के साथ बहु-वर्षीय साझेदारी की घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा कि इंडस ऐपस्टोर अब भारत में शाओमी के सभी नए स्मार्टफोन पर पहले से इंस्टॉल आएगा और मौजूदा उपकरणों पर 'गेटऐप्स' की जगह लेगा। इसका उद्देश्य उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाना, ऐप की खोज को सरल बनाना और पहुंच को बढ़ाना है। इंडस ऐपस्टोर की मुख्य कारोबार अधिकारी (सीबीओ) प्रिया एम नरसिम्हन ने कहा, शाओमी इंडिया की पहुंच को हमारे स्थानीयकृत ऐप खोज मंच के साथ जोड़कर, हम उपयोगकर्ताओं को सहज, सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक अनुभव प्रदान करते हुए डेवलपर्स के लिए अवसर पैदा कर रहे हैं। यह साझेदारी भारत में मोबाइल ऐप की खोज और अनुभव करने के तरीके को बदलने के हमारे दृष्टिकोण की शुरुआत है। वॉलमार्ट समर्थित फोनपे ने पिछले साल फरवरी में इंडस ऐपस्टोर पेश किया था, जिसे गूगल के प्ले स्टोर के लिए एक चुनौती के रूप में पेश किया गया है। यह एक एंड्रॉयड-आधारित मोबाइल ऐप स्टोर है, जिसे भारतीय जनसांख्यिकी की स्थानीय और सांस्कृतिक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है।

## अमेरिका गूगल से क्रोम ब्राउजर खरीदने के पीछे पड़ा

**नई दिल्ली।** ऐसा लगता है कि अमेरिका गूगल क्रोम ब्राउजर के पीछे हाथ धोकर पड़ गया है। अमेरिका एक बार गूगल को उसके क्रोम ब्राउजर को बेचने के लिए दबाव डाल रहा है। इससे अमेरिका ने नवंबर 2024 में भी गूगल को ऐसा करने को कहा था। एंड्रॉइड अथॉरिटी की रिपोर्ट के मुताबिक अब अमेरिका का डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस एक बार फरि गूगल को अपना क्रोम ब्राउजर बेचने की सलाह दे रहा है। गूगल का क्रोम ब्राउजर लाखों करोड़ों मोबाइल यूजर के लिए प्राइमरी सर्च इंजन है। कसिी सवाल का जवाब पाने के लिए गूगल क्रोम की ही मदद लेते हैं। बिकने पर गूगल का कंट्रोल हट जाएगा ऐसे में अमेरिकी जस्टसि डिपार्टमेंट का मानना है कि गूगल के क्रोम ब्राउजर की वजह से बाकी की सर्च कंपनयिों को मौका नहीं मलि पा रहा है। ऐसे में अगर क्रोम ब्राउजर बकि जाता है तो गूगल का क्रिटिकल सर्च प्वाइंट से कंट्रोल हट जाएगा और बाकी सर्च कंपनियों को सही मौका मिल सकेगा। दूसरी कंपनियों को नहीं मिल पा रहा मौका कोई सरकार या कोर्ट कसिी कंपनी का प्रोडक्ट बेचने का दबाव कैसे बना सकती है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां (सोनीपत), हरियाणा | कच्चे माल की आपूर्ति (खाद्य अथवा गैर-खाद्य) हेतु निविदा सूचना। | 14.03.2025 28.03.2025 | 12 लाख | www.bpsmv.ac.in | 1263283602 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32816/I/88/7 दि. 13.03.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद सिरसा | एमसी सिरसा में सदर थाना से बरनाला बाईपास तक डेकोरेटिव इलैक्ट्रिक पोल्स की आपूर्ति व स्थापना + 5 कार्य। | 12.03.2025 20.03.2025 | 9.80 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9466676699 secymc.sirsa@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32805/I/88/7 दि. 13.03.25


## शब्द पहेली - 5806




**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली- 5805 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | | ल | | वा | य | लि | न |
| | ल | | रा | | प | व | न | | ख | फा |
| ए | | | ध | व | ल | | र | | | स |
| ह | र | द | म | | पा | ल | | फ | क | त |
| सा | | म | | दा | ना | | सा | | मा | |
| न | वी | न | त | म | | अ | ज | वा | ई | न |
| | र | | वा | | स | दा | | रि | | वी |
| प | ता | का | | ह | क | | अ | स | मा | न |
| र | | | जी | | प | र | दा | | | ता |
| वा | त | | न | ल | का | | व | | द | |
| ज | रु | र | त | | ना | | त | ल | वा | र |



# आईपीएल : कैपिटल्स का कप्तान अब तक तय नहीं, तीन प्लेयर्स बड़े दावेदार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल दुनिया की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली क्रिकेट लीग है और यहां खेलकर कई स्टार प्लेयर्स ने अपना कॅरियर बनाया है। अब आईपीएल 2025 की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है और इसके शुरू होने में सिर्फ 7 दिन बाकी रह गए हैं और अभी तक दिल्ली कैपिटल्स ने अपने नए कप्तान का ऐलान नहीं किया गया है। पिछले सीजन दिल्ली के कैप्टन ऋषभ पंत थे, जो अब लखनऊ सुपर जायंट्स के कैप्टन बन गए हैं। दिल्ली की टीम अपना पहला मुकाबला 24 मार्च को लखनऊ के मैदान पर खेलेगी। अब इससे पहले ही दिल्ली को अपने कप्तान का ऐलान करना होगा। उनके पास तीन ऐसे प्लेयर्स हैं, जो कप्तान के बड़े दावेदार हैं। इनमें अक्षर पटेल, केएल राहुल और फॉफ डु प्लेसिस शामिल हैं।

### अक्षर पटेल : 123 विकेट



अक्षर पटेल पिछले सीजन दिल्ली कैपिटल्स के उपकप्तान थे। उन्होंने ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में एक मैच में दिल्ली कैपिटल्स की कमान भी संभाली थी। वह साल 2019 से ही दिल्ली की टीम का हिस्सा हैं और उनके पास अनुभव है। अक्षर निचले क्रम पर उतरकर धाकड़ बैटिंग करने में माहिर हैं। इसके अलावा उनके स्पिन के जादू से बच पाना आसान नहीं है और वह काफी किफायती भी साबित होते हैं। उन्होंने अभी तक आईपीएल के 150 मैचों में 123 विकेट हासिल किए हैं और 1653 रन भी बनाए हैं।





### डु प्लेसिस : 4571 रन

फॉफ डु प्लेसिस को दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में खरीदा था। इससे पहले उन्होंने तीन सीजन आरसीबी की कप्तानी की थी। उन्होंने आरसीबी के लिए 42 आईपीएल मैचों में कप्तानी की, जिसमें से 21 में जीत मिली और 21 में हार का सामना करना पड़ा। उनके पास कप्तानी का अपार अनुभव है। वह साउथ अफ्रीका के कप्तान भी रह चुके हैं। वह गेंदबाजी में शानदार तरीके से बदलाव करते हैं। उनके नाम पर आईपीएल के 145 मैचों में कुल 4571 रन दर्ज हैं।

### केएल राहुल 4683 रन

केएल राहुल को आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने खरीदा था। इससे पहले वह लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान थे। उनकी कप्तानी में ही लखनऊ की टीम ने प्लेऑफ तक का सफर तय किया था। वह पंजाब किंग्स के भी कप्तान रह चुके हैं। राहुल टेक्निकल तौर पर बहुत ही मजबूत बल्लेबाज हैं। एक बार वह क्रीज पर टिक गए, तो उन्हें आउट करना मुश्किल है। उन्होंने अभी तक आईपीएल में 4683 रन बनाए हैं।

## चोटिल मुख्य कोच द्रविड़ बैसाखियों के सहारे रॉयल्स के शिविर में आए



**जयपुर।** एक स्थानीय लीग मैच में खेलते समय चोटिल हुए भारत के पूर्व महान बल्लेबाज और राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ आईपीएल से पूर्व टीम के अभ्यास सत्र में बैसाखियों के सहारे पहुंचे। टीम ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडिल पर वीडियो साझा की है जिसमें द्रविड़ गोल्फ कार्ट पर रॉयल्स के शिविर में पहुंचे और चलने के लिए बैसाखियों का सहारा लिया। द्रविड़ ने चोट के बावजूद सत्र में हिस्सा लिया। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ हाथ मिलाया और युवा खिलाड़ियों रियान पराग तथा यशस्वी जायसवाल से बात करते दिखे। बैसाखियां हाथ में लेकर बैठे द्रविड़ ने पूरा सत्र करीब से देखा। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स ने एक्स पर लिखा, 'मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को बेंगलुरु में क्रिकेट खेलते समय चोट लगी थी। वह चोट से उबर रहे हैं और जयपुर में टीम से जुड़ेंगे।'

## खबर संक्षेप



### लखनऊ के लिए बतौर बल्लेबाज़ खेलेंगे मार्श

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के टी20 कप्तान मिचेल मार्श को आईपीएल में बतौर बल्लेबाज़ खेलने की मंजूरी मिल गई है और पीठ में चोट के चलते चैंपियंस ट्रॉफ़ी खेलने से चूकने वाले मार्श अगले सप्ताह भारत की यात्रा करेंगे। मार्श ने फ़रवरी की शुरुआत में विशेषज्ञ का रुख किया और इसके बाद उन्होंने समस्या से उबरने के लिए आराम करने का फ़ैसला किया। पिछले कुछ सप्ताह से उन्होंने बल्लेबाज़ी का अभ्यास शुरू किया है और उन्हें आईपीएल में सिर्फ़ बतौर बल्लेबाज़ खेलने की अनुमति मिली है, ऐसे में वह लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए इस सीज़न इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलते दिखाई दे सकते हैं।

### झारखंड ने जीती महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप

**पंचकूला।** हॉकी झारखंड ने बुधवार को यहां 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप फाइनल के नियमित समय में 1-1 से बराबरी के बाद शूटआउट में गत चैंपियन हॉकी हरियाणा को 4-3 से शिकस्त दी। प्रमोदनी लाकड़ा (44 वां मिनट) और रानी (42 वां मिनट) ने नियमित समय में गोल किए। रजनी केरकेट्टा, निराली कुजूर, बिनिमा धन और कप्तान एलेबला रानी टोप्पो ने शूटआउट में गोल किया, जबकि गोलकीपर अंजलि भिंजिया के दो महत्वपूर्ण बचाव ने झारखंड की जीत को सुनिश्चित किया। हॉकी मिजोरम ने कांस्य पदक के मैच में हॉकी महाराष्ट्र को 2-1 से हराया। मंजू चोरसिया (59 वां मिनट) ने अंतिम क्षणों में विजयी गोल किया।



### पूर्व स्पिनर मैकगिल को मिली क्लीन चिट

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिनर स्टुअर्ट मैकगिल को कोकीन के सौदे में शामिल होने का दोषी पाया गया है लेकिन बड़े पैमाने पर ड्रग्स की आपूर्ति में भागीदारी को लेकर 'क्लीन चिट' मिल गई है। सिडनी जिला कोर्ट की जूरी ने 54 वर्ष के पूर्व लेग स्पिनर को अप्रैल 2021 में 330000 आस्ट्रेलियाई डॉलर कीमत की एक किलो कोकीन के सौदे में शामिल होने के मामले में निर्दोष करार दिया गया है।



### पैरालंपिक चैंपियन वैनेसा ने जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** तीन बार की पैरालंपिक चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की लंबी कूद एथलीट वैनेसा लो ने बृहस्पतिवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांप्री के अंतिम दिन टी61-64 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत की पेरिस खेलों की पदक विजेता प्रीति पाल ने टी35-38 वर्ग 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। भारत कुल 134 पदकों के साथ शीर्ष पर रहा जिसमें 45 स्वर्ण, 40 रजत और 49 कांस्य पदक शामिल रहे। ग्रां प्री में लगभग 150 भारतीयों ने भाग लिया था जबकि लगभग 100 अन्य 19 देशों से थे। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाली कुछ शीर्ष सितारों में से एक वैनेसा ने अपने तीसरे प्रयास में 4.96 मीटर की दूरी तय की और पोडियम के शीर्ष पर खड़ी रहीं।

### बैडमिंटन : डेनमार्क के डेनियल और मैड्स को 21-17, 21-15 से हराया

# सात्विक-चिराग की 40 मिनट में शानदार जीत, अब चीनी चुनौती से होगा सामना

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम



भारत के सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष युगल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गई। पिछले महीने अपने पिता के निधन के बाद कोर्ट पर लौटे सात्विक और चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड को 40 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-15 से हराया।

अब उनका सामना चीन के हाओ नान शि और वेइ हान जेंग से होगा। जीत के बाद सात्विक ने अपनी ऊंगली आसमान की ओर उठाई और ऊपर देखते रहे। शायद अपने पिता को तलाश रहे थे। उन्होंने कहा, 'यह बहुत कठिन है लेकिन जीवन ऐसा ही है।' सात्विक ने दुख के क्षण में साथ रहने के लिए चिराग को धन्यवाद देते हुए कहा, 'वह उस समय मेरे घर आया। हमने थोड़ा अभ्यास किया और मैं उसका शुक्रगुजार हूं। वह मेरी चोट के समय भी मेरे साथ था। उसके माता पिता और हमारे कोच भी आए। मेरे पिता हमेशा चाहते थे कि वे हमारे यहां आएं।' चिराग ने कहा, 'सात्विक ने इतना सब झेला और यहां खेलने का फैसला किया। कोई और ऐसा नहीं कर सकता था। वह काफी मजबूत है और मुझे गर्व है कि वह मेरा जोड़ीदार है।'



### प्रणय के बाद सिंधू भी पहले दौर में बाहर

भारत की स्टार शटलर और दो बार ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा है। बुधवार को सिंधू ने साउथ कोरिया की गा यून किम के खिलाफ अच्छा शुरुआत की, लेकिन लय बरकरार नहीं रख पाईं। पहला गेम जीतने के बाद सिंधु को यह मुकाबला 21-19, 21-13, 21-13 से हार मिली। रोहन और रुतविका की जोड़ी ने कड़े मुकाबले में दुनिया की 40वें नंबर की जोड़ी ने यी होंग वेइ और निकोल गोंजालेस चैन की चीनी ताइपे की जोड़ी को 21-10 17-21 24-22 से हराया। वहीं, एचएस प्रणय को पहले दौर में ही निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा, उन्हें फ्रांस के उच्च रैंकिंग वाले टोमा जूनियर पोपोव से 53 मिनट में 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### क्रिस्टी को हराकर लक्ष्य अंतिम आठ में

भारत के लक्ष्य सेन ने आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को सीधे गेम में हराकर उलटफेकर करते हुए पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जबकि महिला एकल खिलाड़ियों का अभियान मालविका बंसोड के हारने के बाद समाप्त हो गया। लक्ष्य ने एक तरफा मुकाबले में क्रिस्टी को 21-13 21-10 से पराजित करने में महज 36 मिनट लगाए। इस जीत से लक्ष्य का क्रिस्टी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 3-4 हो गया है।

### क्रिकेट

# रोहित को संन्यास लेने की जरूरत नहीं : डिविलियर्स



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि रोहित शर्मा को संन्यास लेने की कोई जरूरत नहनीं है और वह वनडे क्रिकेट के महानतम कप्तानों में से एक होंगे। चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद रोहित के संन्यास की अटकलें तेज थी लेकिन सैतीस वर्ष के रोहित ने भारत को तीसरी बार खिताब दिलाने के बाद इन अटकलों को खारिज किया।

डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'दूसरे कप्तानों की तुलना में रोहित का जीत का प्रतिशत देखिए, करीब 74 प्रतिशत है जो अतीत के बाकी कप्तानों से बेहतर है। अगर वह खेलता रहा तो सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ वनडे कप्तानों में से एक होगा। वह संन्यास क्यों ले ? उसका बतौर कप्तान ही नहीं बल्कि बल्लेबाज के तौर पर भी शानदार रिकॉर्ड है। चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में उसने 76 रन बनाकर भारत को शानदार शुरुआत दी और जीत की नींव रखी। जब दबाव चरम पर था तब उसने मोर्चे से अगुवाई की। रोहित शर्मा को संन्यास लेने की कोई जरूरत नहीं है। उसे किसी आलोचना को सुनने की भी जरूरत नहीं है। उसका रिकॉर्ड ही उसके लिए बोलता है।'

### सेना ने केआईडब्लूजी खिताब बरकरार रखा

**गुलमर्ग।** भारतीय सेना की टीम बुधवार को यहां लगातार दूसरे साल 'खेलो इंडिया' शीतकालीन खेलों की चैंपियन बनी। सेना ने 18 पदक (सात स्वर्ण, पांच रजत, छह कांस्य) के साथ अपने खिताब का बचाव किया। हिमाचल प्रदेश छह स्वर्ण, पांच रजत और सात कांस्य पदक के साथ उपविजेता रहा। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख चार स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित सात पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

### एथलेटिक्स

# सूरज ने 1,000 मीटर में बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड



एजेंसी ▶▶| पटना

उत्तराखंड के सूरज सिंह ने राष्ट्रीय युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के अंतिम दिन बुधवार को यहां 1,000 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड कायम कर सुर्खियां बटोरीं। पाटलिपुत्र खेल परिसर में लड़कों की 1,000 मीटर दौड़ में कड़ी प्रतिस्पर्धा दिखी। शीर्ष दो धावकों ने दो मिनट 27.20 सेकेंड के 15 साल पुराने राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड से बेहतर प्रदर्शन किया। पिछला रिकॉर्ड 2010 में राहुल पाल द्वारा बनाया गया था।

सूरज ने दो मिनट 26.04 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि रजत पदक जीतने वाले उत्तर प्रदेश के विकास कुमार ने भी दो मिनट 26.59 सेकेंड के समय के साथ पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर प्रदर्शन किया। हरियाणा के सोहित विजेंदर ने दो मिनट 27.27 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता जो पिछले साल बिलासपुर में मोहम्मद नूरुद्दीन द्वारा बनाए गए 2:28.89 मिनट के मीट रिकॉर्ड से बेहतर प्रदर्शन था। भाला फेंक में लड़कों के वर्ग का स्वर्ण पदक हरियाणा के हिमांशु ने 72.00 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ जीता। पश्चिम बंगाल की मिस्टी करमाकर ने 45.04 मीटर की दूरी के साथ लड़कियों की भाला फेंक स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।

### हैदराबाद और केरला का मैच बराबरी पर छूटा



**हैदराबाद।** हैदराबाद एफसी और केरल ब्लास्टर्स एफसी के बीच बुधवार को यहां खेला गया इंडियन सुपर लीग फुटबॉल मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटा। डुसान लैगेटर ने सातवें मिनट में गोल कर केरल ब्लास्टर्स एफसी को बढ़त दिला दी लेकिन पहले हाफ के आखिरी क्षणों (45वें मिनट) में सौरव कुमार के 'बाइसाइकिल' गोल से घरेलू टीम बराबरी करने में सफल रही। हैदराबाद एफसी 52वें मिनट में बढ़त बनाने का आसान मौका चूक गयी जब ब्राजील के स्ट्राइकर आंद्रे अल्बा पेनल्टी किक को गोल में नहीं बदल सके। यह जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में खेला गया मौजूदा सत्र का आखिरी लीग मैच था। हैदराबाद के मिडफील्डर आयुष अधिकारी को दमदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



### भारत ने दो स्वर्ण सहित जीते 5 पदक

**नई दिल्ली।** भारत ने इटली के तूरिन में चल रहे विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों के दूसरे दिन दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता जिससे भारत के पदकों की संख्या नौ हो गई है। भारती (डिविजन एफ25) ने नोविस स्लालोम फाइनल में स्वर्ण पदक जीता जबकि हर्षिता ठाकुर (एफ26) ने कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय दल ने अल्पाइन स्कीइंग में एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीते। निर्मला देवी (एफ06) ने इंटरमीडिएट जाइंट स्लालोम फाइनल में स्वर्ण और राधा देवी (एफ01) ने रजत पदक जीता। अभिषेक कुमार ने नोविस जाइंट स्लालोम फाइनल डिविजन एम02 में रजत पदक हासिल किया।

# रिंकू के नेतृत्व में भाला फेंक में भारत का शानदार प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिंकू हुड्डा ने विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 के दूसरे दिन भाला फेंक के एफ 46 में 60.26 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीत भारतीय खेमे को जश्न मनाने का मौका दिया।

हाल ही में गोवा में 22वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीत और चौथे एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक हासिल करने वाले रिंकू ने श्रीलंका के गामिनी केतवाला (56.88 मीटर) को बड़े अंतर से पछाड़ा। इस स्पर्धा का कांस्य पदक उज्बेकिस्तान के एल्योर्बेक एल्मातोव (43.01 मीटर) के नाम रहा। पुरुषों की भाला फेंक एफ12, एफ37,



एफ42, एफ43 संयुक्त श्रेणी में भारत का दबदबा और ज्यादा था। इस श्रेणी में पोडियम पर सभी भारतीय एथलीटों ने कब्जा जमाया। पुष्पेंद्र सिंह ने 57.57 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता। मोहित ने 45.45 मीटर के साथ रजत और जसवंत ने 45.94 मीटर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किये। रितेंद्र ने पुरुषों की भाला फेंक एफ 40/ एफ 41 श्रेणी में 30.33 मीटर की थ्रो के साथ भारत के लिए एक और स्वर्ण पदक जीता।

### अतुल 43.92 मीटर की थ्रो से शीर्ष पर

पुरुषों के चक्का फेंक एफ 56/ एफ 57 स्पर्धा में भारत के अतुल कौशिक ने 43.92 मीटर की थ्रो के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया तो वही राम कुमार यादव ने 30.59 मीटर की दूरी के साथ रजत पदक पक्का किया। भारत की बाघ्यश्री माधवराव जाधव ने भाला फेंक एफ34 श्रेणी में 12.73 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि उज्बेकिस्तान की दिलसुज जियोदुल्लोवा ने 11.30 मीटर के साथ रजत और मुबीना ने कांस्य पदक हासिल किया।

### बांग्लादेश के लिए वनडे में 36.46 की औसत से बनाए 5689 रन

# महमूदुल्लाह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश के अनुभवी बल्लेबाज महमूदुल्लाह ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। वर्ष 2021 में टेस्ट और 2024 में टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास लेने की घोषणा करने वाले 39 वर्षीय महमूदुल्लाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है।' महमूदुल्लाह 36.46 की औसत से 5689 रन बनाकर बांग्लादेश के लिए एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चौथे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

महमूदुल्लाह ने 2015 विश्व कप में लगातार दो शतक, 2017 चैंपियन्स ट्रॉफी में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक शतक और 2023 एकदिवसीय विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के



खिलाफ अपना चौथा शतक जड़ा। फेसबुक पोस्ट में महमूदुल्लाह ने लिखा, 'मैं टीम के अपने सभी साथियों, कोच और खासकर अपने प्रशंसकों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने हमेशा मेरा समर्थन किया है।

अपने 17 साल के करियर में 239 वनडे, 50 टेस्ट और 141 टी20 मैच खेलने वाले महमूदुल्लाह ने कहा, 'मेरे माता-पिता, मेरे ससुराल वालों खासकर मेरे ससुर और सबसे महत्वपूर्ण मेरे भाई इमदाद उल्लाह को बहुत-बहुत धन्यवाद जो बचपन से ही मेरे कोच और मेंटर के रूप में मेरे साथ रहे हैं। और अंत में मेरी पत्नी और बच्चों को धन्यवाद जो हर अच्छे-बुरे समय में मेरा साथ देते रहे हैं। मुझे पता है कि रायद को लाल और हरी जर्सी में मेरी कमी खलेगी। हर चीज का अंत बिल्कुल सही तरीके से नहीं होता लेकिन आप हां कहते हैं और आगे बढ़ते हैं। मेरी टीम और बांग्लादेश क्रिकेट को शुभकामनाएं।'

### 2007 में किया था वनडे डेब्यू

महमूदुल्लाह ने 2007 में एकदिवसीय क्रिकेट में पदार्पण किया और शुरुआत में निचले क्रम के ऑलराउंडर के रूप में खेले। विश्व कप 2011 में एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब उन्होंने बांग्लादेश को इंग्लैंड पर शानदार जीत दिलाई। बाद में वह मध्यक्रम के एक महत्वपूर्ण बल्लेबाज बन गए और उन्होंने कई यादगार पारियां खेलीं जिसमें 2017 चैंपियन्स ट्रॉफी में न्यूजीलैंड के खिलाफ शाकिब अल हसन के साथ उनकी ऐतिहासिक 223 रन की साझेदारी भी शामिल है। महमूदुल्लाह के संन्यास से बांग्लादेश की स्वर्णिम पीढ़ी का अंत हो गया है जिसमें तमीम इकबाल, शाकिब अल हसन, मुशफिकुर रहीम और मशरेफ मुर्तजा शामिल थे। वह बांग्लादेश के एकमात्र बल्लेबाज हैं जिन्होंने तीन एकदिवसीय विश्व कप शतक बनाए हैं।

## होली से पहले इसरो का देश को तोहफा


# स्पैडेक्स उपग्रह सफलतापूर्वक अनडॉक किया गया, इससे चंद्रयान-4 और अंतरिक्ष स्टेशन के मिशन का खुला रास्ता

- भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन गया था
- यह प्रयोग उपग्रह की मरम्मत ईंधन भरने के लिए आधार बनेगा

भारत की योजना 2035 में अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की है। डॉकिंग-अनडॉकिंग मिशन की सफलता इसके लिए अहम है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन में पांच मॉड्यूल होंगे जिन्हें अंतरिक्ष में एक साथ लाया जाएगा। इनमें पहला मॉड्यूल 2028 में लॉन्च किया जाना है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

होली से पहले इसरो ने देश को बड़ा तोहफा दिया है। इसरो ने स्पैडेक्स उपग्रह की सफलतापूर्वक अनडॉकिंग कर ली है। इसके साथ ही चंद्रयान-4 के लिए रास्ता साफ हो गया है। दरअसल, अंतरिक्ष को उपग्रहों को एक साथ जोड़ने की प्रक्रिया को डॉकिंग और अलग करने की प्रक्रिया को अनडॉकिंग कहते हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को कहा कि उसने 'स्पेडेक्स' उपग्रहों को 'अनडॉक' करने (अलग करने) का काम पूरा कर लिया है। इससे चंद्रमा की खोज, मानव अंतरिक्ष उड़ान और अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जैसे भविष्य के मिशनों के लिए रास्ता साफ हो गया है।



### मिशन के फायदे

भारत की योजना 2035 में अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की है। डॉकिंग-अनडॉकिंग मिशन की सफलता इसके लिए अहम है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन में पांच मॉड्यूल होंगे जिन्हें अंतरिक्ष में एक साथ लाया जाएगा। इनमें पहला मॉड्यूल 2028 में लॉन्च किया जाना है। यह मिशन चंद्रयान-4 जैसे मानव अंतरिक्ष उड़ानों के लिए भी अहम है। यह प्रयोग उपग्रह की मरम्मत, ईंधन भरने, मलबे को हटाने और अन्य के लिए आधार तैयार करेगा। यह तकनीक उन मिशनों के लिए अहम है, जिनमें भारी अंतरिक्ष यान और उपकरण की जरूरत होती है, जिन्हें एक बार में लॉन्च नहीं किया जा सकता।

### 16 जनवरी 2025 को की थी डॉकिंग

*इससे पहले 16 जनवरी को भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और लंबी छलांग लगाकर विश्व के चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया था। इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) के तहत उपग्रहों की 'डॉकिंग' सफलतापूर्वक की थी। इसरो ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा था कि भारत ने अंतरिक्ष इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है। सुप्रभात भारत, इसरो के स्पेडेक्स मिशन ने 'डॉकिंग' में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस क्षण का गवाह बनकर गर्व महसूस हो रहा है।*

### केंद्रीय मंत्री सिंह ने दी बधाई



केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने इस कामयाबी के लिए इसरों को बधाई दी। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि इसरो टीम को बधाई। यह हर भारतीय के लिए खुशी की बात है। स्पैडेक्स उपग्रहों ने अविश्वसनीय डी-डॉकिंग को पूरा कर लिया गया है। इससे भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान-4 और गगनयान समेत भविष्य के महत्वाकांक्षी मिशनों में काफी मदद मिलेगी। इन मिशनों को आगे बढ़ाने का मार्ग भी इससे प्रशस्त होगा। पीएम नरेंद्र मोदी का निरंतर संरक्षण इस उत्साह को बढ़ाता है।

### 30 दिसंबर 2024 को शुरू हुआ था

स्पेडेक्स मिशन पिछले साल 30 दिसंबर को शुरू किया गया था, जब इसरो ने अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' प्रयोग का प्रदर्शन करने के लिए दो उपग्रहों - एसडीएक्स01 और एसडीएक्स02 को कक्षा में स्थापित किया था। 'स्पेस डॉकिंग' अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को जोड़ने की प्रक्रिया को कहते हैं। कई प्रयासों के बाद अंतरिक्ष एजेंसी ने 16 जनवरी को दोनों उपग्रहों को सफलतापूर्वक 'डॉक' किया था।

## खबर संक्षेप

### चीनियों की चहेती बनीं ट्रंप की सेक्रेटरी लेविट



**बीजिंग।** व्यापारिक तनातनी के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रेस सचिव 27 वर्षीय कैरोलिन लेविट चीन में ऑनलाइन स्टार बन गई हैं। उनके वाइट हाउस में पत्रकारों से बहस के वायरल वीडियो चीन में धूम मचा रहे हैं। अमेरिकी पत्रकारों को बेबाकी से जवाब देते कैरोलीन के वीडियो चीनी सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहे हैं। चीनी सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि लेविट की खूबसूरती, आत्मविश्वास और कार्यस्थल पर मजबूती से अपनी बात रखने का तरीका उन्हें प्रेरित कर रहा है।

### फट सकता है सबसे खतरनाक ज्वालामुखी



**नई दिल्ली।** अलास्का के पास स्थित माउंट स्पर ज्वालामुखी में आने वाले हफ्तों या महीनों में विस्फोट होने की संभावना बढ़ गई है। वैज्ञानिकों के अनुसार हाल के दिनों में इस ज्वालामुखी में असामान्य गतिविधियां देखी गई हैं। माउंट स्पर में महत्वपूर्ण रूप से बढ़े हुए ज्वालामुखीय गैस उत्सर्जन का पता चला है। इसके अलावा क्रेटर में भी सक्रियता देखी गई है। उपग्रह के आंकड़ों से जमीन की स्थिति देखने के बाद 'माउंट स्पर' के लिए अलर्ट की श्रेणी को 'येलो' तक बढ़ा दिया।

यूएन में सीएसडब्ल्यू के 69वें सत्र पर आयोजित कार्यक्रम में बोलीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी

# महिलाओं के डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण, अनुभव को साझा करने को तैयार भारत

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत एक ऐसे देश का निर्माण कर रहा है जहां महिलाएं अवधारणा से लेकर डिजाइन, कार्यान्वयन और निगरानी तक में भाग लेकर सक्रिय आर्किटेक्ट के रूप में नेतृत्व करती हैं जो भारत के विकास पथ को विकसित राष्ट्र की ओर आकार देती है

संयुक्त राष्ट्र में भारत के महिला सशक्तिकरण के साथ ही डिजिटलीकरण की सराहना हुई है। भारत ने एक बार फिर महिलाओं के नेतृत्व में देश के विकास के साथ आगे बढ़ने पर जोर दिया। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में महिलाओं की स्थिति पर आयोग (सीएसडब्ल्यू) के 69वें सत्र में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत लैंगिक डिजिटल बंटवारे को पाटने के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का उपयोग करने के अपने अनुभव को दुनिया के साथ साझा करना चाहता है। भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के साथ आगे बढ़ रहा है।

भारत एक ऐसे देश का निर्माण कर रहा है जहां महिलाएं अवधारणा से लेकर डिजाइन, कार्यान्वयन और निगरानी तक में भाग लेकर सक्रिय आर्किटेक्ट के रूप में नेतृत्व करती हैं। जो भारत के विकास पथ को विकसित राष्ट्र की ओर आकार देती है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन और यूएन वूमन द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए डिजिटल और वित्तीय समावेशन और महिला सशक्तिकरण के लिए वित्तपोषण - मुख्य संसाधनों की महत्वपूर्णता' पर आयोजित मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग ले रही हैं। महिलाओं की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र आयोग का 69वां सत्र 10 मार्च को शुरू हुआ और 21 मार्च तक चलेगा।

1 भारत में महिलाएं तेजी से डिजिटल भुगतान इंटरफेस को अपना रहीं

2 8.73 करोड़ यूपीआई लेन-देन, पिछले साल से 147%



### यूपीआई विकास में भारत का नेतृत्व सराहनीय



*यूएन वूमन की कार्यकारी निदेशक सिमा बहौस ने इंडिया स्टैक और यूपीआई विकसित करने में भारत के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमें उन बाधाओं को दूर करना होगा जो महिलाओं को डिजिटल और वित्तीय प्रणालियों से दूर रखती हैं। सरकारों को सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश करना चाहिए जो महिलाओं को प्राथमिकता देता है। भारत स्टैक और यूपीआई विकसित करने में भारत का नेतृत्व यह साबित करता है कि जब समावेशन नवाचार के मूल में होता है तो क्या संभव है। उन्होंने कहा कि भारत में हमने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के माध्यम से डिजिटल वित्तीय समावेशन की शक्ति देखी है। डिजिटल भुगतान ने महिलाओं के रोजगार और स्वायत्तता को बढ़ाया है। यह एक वैकल्पिक एजेंडा नहीं है। यह एक बेहतर दुनिया का खाका है। आइए हम साहसी बनें।*

### यूपीआई ने लेन-देन प्रणाली को बदला

अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भारत दुनिया के साथ अपने अनुभव को साझा करने में प्रसन्न है। उन्होंने महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए संसाधनों की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत में विकसित यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) ने नियमित लेन-देन की प्रणाली को बदल दिया है। पूर्ण डाटा सुरक्षा के क्षेत्र को पूरी तरह से डिजिटल बना दिया है, जिसमें 8.735 करोड़ लेन-देन हुए हैं। यह 147% बढ़ गए हैं। इसमें लिंग, शहरी, ग्रामीण, अमीर और गरीब की बाधाओं को पार कर लिया गया है और महिलाएं तेजी से डिजिटल भुगतान इंटरफेस को अपना रही हैं।

### सुरक्षित डिजिटल वातावरण आवश्यक

अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि राष्ट्रों को सचेत रहना होगा कि महिलाओं के डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देना सबसे महत्वपूर्ण है, लेकिन डाटा और गोपनीयता की रक्षा भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। आज की तकनीकी दुनिया में प्रौद्योगिकी के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के लिए विनियमन को संतुलित करने की आवश्यकता है। भारत सरकार जानती है कि महिलाओं की गरिमा और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण आवश्यक है।

8 दिन का मिशन 9 माह में बदला

# सुनीता विलियम्स की पृथ्वी पर वापसी एक बार फिर टली



एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से वापसी एक बार फिर टल गई है। हालांकि, इस बार वजह अंतरिक्ष यान में आई कोई खराबी नहीं है, बल्कि लॉन्च व्हीकल में आए तकनीकी समस्या बना है। इसके चलते आईएसएस पर भेजा जाने वाला स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्चिंग से सिर्फ एक घंटे पहले टाल दिया गया। अब इस मिशन को 14 मार्च को एक बार फिर लॉन्च करने की कोशिश की जाएगी। इसके साथ ही सुनीता विलियम्स का अंतरिक्ष में रहने वाला जो मिशन महज 8 दिन में खत्म हो जाना था, उसे अब नौ महीने से ज्यादा हो चुके हैं।

### 5 जून 2024 को गईं थीं

*5 जून 2024 को नासा का बोइंग क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन लॉन्च किया गया था। इस मिशन के तहत नासा ने अपने दो अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बैरी बुच विल्मोर को आठ दिन की यात्रा पर भेजा। दोनों को स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान के जरिए मिशन पर भेजा गया था।*

### थ्रस्टर्स के कमजोर प्रदर्शन से टली वापसी

हालांकि, अंतरिक्ष स्टेशन के लिए स्टारलाइनर की उड़ान के दौरान, अंतरिक्ष यान के कुछ थ्रस्टर्स ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं किया। थ्रस्टर्स' आमतौर पर कम फोर्स वाले रॉकेट मोटर्स को कहा जाता है। थ्रस्टर्स के कमजोर प्रदर्शन के अलावा स्टारलाइनर के हीलियम सिस्टम में कई लीक भी देखे गए। इसके बाद नासा और बोइंग ने अंतरिक्ष यान के बारे में व्यापक डेटा विश्लेषण के जरिए जानकारी जुटाई।

# पर्यावरण के अनुकूल जैव-आधारित प्रक्रिया से पानी से दूर होंगे प्रदूषक

एनआईटी राउरकेला के शोधकर्ताओं का महत्वपूर्ण अनुसंधान, जिससे होगी मनुष्यों, जलीय जीवों और पक्षियों की स्वास्थ्य सुरक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) राउरकेला के शोधकर्ताओं ने अपशिष्ट जल में फार्मास्यूटिकल के प्रदूषक तत्वों की रोकथाम की एक अनोखी प्रक्रिया विकसित की है। जिससे मनुष्यों से लेकर मछली, सीप जैसे जलीय जीवों और पक्षियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। यह प्रक्रिया दो चरणों वाली है, जिसमें प्रदूषक तत्वों की रोकथाम के लिए बायोचार एडजार्प्शन और बायोडिग्रेडेशन को आपस में जोड़ा गया है। जिससे एंटीबायोटिक, गैर-स्टेरायडल एंटी-इंफ्लेमेटरी ड्रग्स (एनएसआईडी) जैसे फार्मास्युटिकल कंपाउंड और सिंथेटिक रंगों के प्रदूषक तत्वों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का समाधान हो सकेगा। एनआईटी राउरकेला ने गुरुवार को बताया कि संस्थान की जैव प्रौद्योगिकी और चिकित्सा इंजीनियरिंग विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर.अंगना सरकार के मार्गदर्शन में यह शोध किया गया है। जिसे विज्ञान-इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड और कैडिला फार्मास्युटिकल लिमिटेड (अहमदाबाद) द्वारा वित्तीय मदद के अलावा अन्य जरूरी सहायता प्रदान की गई।

### यूं काम करती है यह प्रक्रिया

प्रक्रिया के पहले चरण में भुने हुए कोको पीट और चावल के भूसे से लिए गए बायोचार एडजॉर्बेंट का उपयोग कर एंटीबायोटिक्स को पकड़ा जाता है। जिससे एंटीबायोटिक प्रदूषण काफी कम हो जाता है। दूसरे चरण में क्लेबसिएला और स्यूडोमोनास स्ट्रेन के साथ ही एक विशेष बैक्टीरिया समूह का उपयोग करते हुए डिक्लोफेनाक, पेरासिटामोल जैसी दवाओं के कंपाउंड और सिंथेटिक रंगों के अवशिष्ट खंडित किए जाते हैं। इसमें प्रदूषक तत्वों (एंटीबायोटिक्स) का पानी से लगभग पूरी तरह से यानी 99.5 फीसदी निष्कासन हो जाता है।

### जैविक पद्धतियों का किया प्रयोग

प्रोफेसर अंगना सरकार ने इस अनुसंधान का महत्व बताते हुए कहा, हमारी नवीन एकीकृत प्रक्रिया एंटीबायोटिक्स, एनएसआईडी और रंगों सहित विभिन्न फार्मास्युटिकल प्रदूषक तत्वों को बाहर निकालने में सफल रही है। ये पूरी तरह से सुरक्षित है। क्योंकि इसमें जैविक पद्धतियों का उपयोग किया गया है। इसमें बायोडिग्रेडिंग बैक्टीरिया सुरक्षित रहते हैं, विषैले बायप्रोडक्ट कम होते हैं व फार्मास्यूटिकल के प्रदूषक तत्वों के पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इस ट्रीटमेंट पर करीब 2.6 रुपये प्रति लीटर का खर्च है जो और कम होगा। लेकिन इसके लिए प्रक्रिया का अनुकूलन करना होगा जिसे ट्रीटमेंट की वर्तमान व्यवस्था में तृतीय चरण के रूप में एकीकृत करना होगा।

### प्रदूषित जल के दुष्प्रभाव

संस्थान के मुताबिक, अपशिष्ट जल की वजह से एक ओर भारतीय उपमहाद्वीप में मछली की मृत्यु दर और बाज, गिद्धों की आबादी में गिरावट जैसे मामले सामने आए हैं। वहीं, दूसरी ओर इससे मनुष्यों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं जैसे किडनी, लीवर, उच्च रक्तचाप और विकास संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। उक्त जल में एंटीबायोटिक की मौजूदगी तो विशेष रूप से चिंताजनक है। मौजूदा दौर में अपशिष्ट जल उपचार की जो विधियां मौजूद हैं। वो इन प्रदूषकों की रोकथाम करने में नाकाम दिखाई पड़ती हैं।

## प्रभु गोविंद के साथ पुष्प होली



**जयपुर।** होली के पावन पर्व पर जयपुर के प्रसिद्ध गोविंद देव जी मंदिर में श्रद्धालुगणों ने प्रभु के दर्शन किए। इस अवसर पर मुख्य पुजारी ने पुष्पों की बरसात कर होली खेली।

नौसेना के दूसरे बेड़े के सहायक जहाज के निर्माण कार्य की हुई शुरुआत

# 2027 से की जाएगी नौसेना के जंगी बेड़े में तैनाती

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के दूसरे बेड़े के सहायक जहाज का निर्माण कार्य कट्टुपल्ली स्थित लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के शिपयार्ड में शुरू हो गया है। जहाज की कुल विस्थापन क्षमता 40 हजार टन से अधिक है। यह अपने साथ ईंधन, पानी, गोलाबारूद और भंडार लेकर जाएंगे। जिससे समुद्र में लंबे समय से बल का संचालन संभव हो सकेगा और बल की युद्धक क्षमता भी बढ़ेगी।

नौसेना ने गुरुवार को बताया वर्ष 2023 में उसने कुल 5 सहायक जहाजों के निर्माण के लिए हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। जिसके तहत जहाजों की डिलीवरी 2027 से शुरू की जानी है। यहां बता दें कि एचएसएल ने देश की जहाज निर्माण क्षमता का प्रभावी ढंग से उपयोग करने और तय समयसीमा तक जहाजों की नौसेना को डिलीवरी करने के लिए मेसर्स एलएंडटी शिपयार्ड के साथ दो जहाजों के निर्माण का अनुबंध किया। इसके बाद ही एलएंडटी में उक्त जहाज के निर्माण कार्य का आगाज हुआ है। सहयोगी जहाजों की मदद से प्राकृतिक आपदाओं के दौरान कर्मियों को निकालने, राहत सामग्री के त्वरित वितरण के लिए मानवीय सहायता और आपदा राहत संचालन जैसी गतिविधियों को भी आसानी से पूरा किया जा सकेगा।



### पूरी तरह से स्वदेशी होंगे यह जहाज

*नौसेना ने कहा कि इन जहाजों का डिजाइन स्वदेशी है और इनमें लगने वाले अधिकांश उपकरणों की सोर्सिंग भी स्वदेशी निर्माताओं की मदद से की गई है। यह परियोजना देश में जहाज निर्माण उद्योग को बढ़ावा देगी। इसके अलावा इससे केंद्र सरकार के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियान को भी मजबूती मिलेगी। जहाज निर्माण की प्रक्रिया की शुरुआत के दौरान नौसेना के वाइस एडमिरल राजाराम स्वामीनाथन (युद्धपोत उत्पादन और अधिग्रहण नियंत्रक) और एचएसएल व एलएंडटी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।*

साझा समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए बंगाल की खाड़ी में संपन्न हुआ

# भारत-बांग्लादेश की नौसेना का बोंगोसागर युद्धाभ्यास

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पिछले साल ढाका में हुए सत्ता परिवर्तन के बाद बने हुए चुनौतीपूर्ण सुरक्षा माहौल और पाकिस्तान के साथ बढ़ती नजदीकियों के बीच भारत-बांग्लादेश की नौसेनाओं ने 'बोंगोसागर-2025' नामक युद्धाभ्यास और समन्वित गश्त को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। जिसमें भारत की तरफ से नौसेना का आईएनएस रणवीर जंगी युद्धपोत शामिल हुआ। जबकि बीएनएस अबू उबैदाह ने बांग्लादेश की नौसेना का नेतृत्व किया। नौसेना ने गुरुवार को बताया कि इस सप्ताह संपन्न हुए युद्धाभ्यास और समन्वित गश्त की मदद से दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच समुद्र में आपसी अंतर-संचालन क्षमता बढ़ेगी। साथ ही साझा समुद्री सुरक्षा चुनौतियों के लिए एकजुटता से प्रतिक्रिया करना संभव हो सकेगा।



### इन गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया

नौसेना ने कहा कि बोंगोसागर युद्धाभ्यास के दौरान कई प्रकार के जटिल समुद्री अभियानों का अभ्यास किया गया। इसमें सतही फायरिंग, टेक्टिकल मैनुवर्स, युद्धाभ्यास के दौरान युद्धपोत की जरूरतें पूरा करने समेत एक-दूसरे के युद्धपोत का दौरा, संचार ड्रिल्स और व्यवसायिक विषयों पर कनिष्क अधिकारियों के लिए क्विज का आयोजन मुख्य रूप से शामिल हैं।

### नीति निर्माण में सहायक होगा युद्धाभ्यास

बोंगोसागर युद्धाभ्यास ने भारत और बांग्लादेश की नौसेनाओं को एक निकट योजना बनाने का अवसर प्रदान किया है। इससे समुद्री अभियानों का सहजता के साथ संचालन करने के लिए समन्वय और सूचना का आदान-प्रदान करना भी आसान हो जाएगा। युद्धाभ्यास दोनों नौसेनाओं का आत्मविश्वास बढ़ाने और समन्वय को मजबूती प्रदान करने में सहायक होगा। जिससे दोनों समुद्री बल समन्वित अभियानों के जरिए समुद्र में उभरते हुए खतरों का तेजी से मुकाबला करने में सक्षम बनेंगे। दोनों नौसेनाओं के बीच बढ़ता समन्वय भारत और बांग्लादेश के वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के मुकाबले के लिए प्रदर्शित की गई साझा प्रतिबद्धता की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109